रोहतक, रविवार, 8 नवंबर 2026 ■ कार्तिक मास कृष्ण पक्ष ■ चतुर्दशी, वर्ष : 30, अंक : 276 ■ पृष्ठ 16, मूल्य 3.00 haribhoomi.com मौसम अधि. 32.6, न्यून. 12.9

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







दीपोत्सव... 30 लाख दीयों से अयोध्या जगमग

सरयू पर महाआरती, ड्रोन शो और जोरदार आतिशबाजी हुई

रामायण के सातों कांडों पर आधारित झांकियां निकाली

14 राज्यों के 500 से अधिक कलाकारों ने दी अपनी प्रस्तुति

रामनगरी की सड़कें आस्था और उल्लास से भर उठीं

उपराष्ट्रपति, सीएम योगी और राज्यपाल ने किया राजतिलक

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या में शनिवार को 10वां दीपोत्सव मनाया गया। यहां सरयू नदी के किनारे 56 घाटों पर 30 लाख दीये जलाए गए। राम की पैड़ी और सरयू घाट पर लेजर शो से रामायण दिखाई गई। 2100 ड्रोन से विशेष शो किया गया। सरयू तट पर 2147 अर्चकों ने सरयू की महाआरती की। इसके पहले अयोध्या में करीब 3 घंटे तक शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें 21 झांकियां शामिल रहीं। इनमें रामायण के सात कांडों को दर्शाया गया था। दीपोत्सव देखने के लिए मुंबई, गुजरात और बिहार सहित देशभर से लोग पहुंचे हैं। 2100 स्वदेशी ड्रोन के माध्यम से आसमान में रामायण के प्रसंगों का सजीव चित्रण किया गया। रामकथा पार्क के निकट 220 टन बालू से निर्मित विशाल राम दरबार की प्रतिकृति ने भी श्रद्धालुओं को आकर्षित किया।



विदेशी आक्रांताओं ने भगवान राम का मंदिर तोड़ा : राधाकृष्णन

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा- विदेशी आक्रांताओं ने भगवान राम का मंदिर तोड़ दिया था। लेकिन, 500 साल बाद हमने उसका पुनर्निर्माण किया, क्योंकि हम सत्य में विश्वास रखते हैं। भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आज अयोध्या और उसके आसपास लाखों दीप जल रहे हैं। ये दीप संदेश दे रहे हैं कि उत्तर प्रदेश अब 'उत्तम प्रदेश' बन चुका है।

जय श्रीराम बोलने पर कोई प्रतिबंध नहीं लगा सकता : योगी

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा- अब अयोध्या में जय श्रीराम बोलने पर कोई प्रतिबंध नहीं लगा सकता। प्रदेश में किसी को पूजा करने से नहीं रोका जा सकता। न ही कोई दंगा करने की हिम्मत कर सकता है। अब किसी बेटी-बहन को सुरक्षा के लिए गुहार नहीं लगानी पड़ेगी। बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को रावण जैसी दुर्गति भुगतनी होगी।



2100 स्वदेशी ड्रोन से राम कथा को किया जीवंत

दीपोत्सव में रामनगरी का आकाश रामायण के प्रसंगों से सजा नजर आया। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित ड्रोन शो में 2,100 स्वदेशी ड्रोन ने रोशनी और रंगों के जरिए प्रभु श्रीराम की वीर मुद्रा, रावण वध और पुष्पक विमान की आकृतियां बनाकर रामकथा को जीवंत किया। लक्ष्मण और हनुमान की वीर मुद्रा के साथ राम दरबार तथा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की भव्य छवि भी आकाश में उभरी। रामकथा को पीढ़ियों तक पहुंचाने वाले महर्षि वाल्मीकि और गोस्वामी तुलसीदास की आकृतियां भी प्रस्तुति का हिस्सा रहीं। संगीत और कथावाचन के साथ बदलती आकृतियों ने दर्शकों को रामायण के विभिन्न प्रसंगों से जोड़ा। रामकथा पार्क में सजे रामदरबार के मंच पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभु श्रीराम का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक किया। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहीं। राजतिलक के साथ ही दीपोत्सव का उल्लास चरम पर पहुंच गया। उपराष्ट्रपति की मौजूदगी में 2147 लोगों ने एक साथ मां सरयू की महाआरती की।

पीएम मोदी ने दी देशवासियों को दिवाली की शुभकामनाएं

कहा-इस बार भी जवानों के साथ त्योहार मनाऊंगा

पिछले साल आईएनएस विक्रांत पर गए थे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम पर रील शेयर करके दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बताया है कि हर साल की तरह इस साल भी वे दिवाली सेना के जवानों के बीच मनाएंगे। वे कहां जाएंगे, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी। 2025 में पीएम मोदी ने गोवा में आईएनएस विक्रांत पर नौसैनिकों के बीच दिवाली मनाई थी। यहां उन्होंने करीब 40 मिनट की स्पीच दी थी। पीएम बोले- आपका समय समृद्धि से भरा रहे। नमस्ते, दीपावली का



प्रधानमंत्री बोले-आपका समय समृद्धि से भरा रहे

पावन पर्व, पूरा देश रोशनी से जगमगा रहा है। प्रकाश का यह पर्व अंधकार के खिलाफ हमारे संकल्प का परिचय है। आप सबको दीपावली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं, आपका ये पर्व आगे का समय सब कुछ सुख-शांति और समृद्धि से भरा रहे। मैं भी आपकी तरह बड़े उत्साह से दीपावली मनाता हूं। और हर साल आप जानते हैं देश के वीर जवानों के बीच जाना मेरा नित्यक्रम है। इस बार भी जारी रहेगा। आप सबको दीपावली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

शुभकामनाएं

दीपावली के अवसर पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और वितरक बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 8 नवंबर रविवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। आगामी अंक 10 नवंबर मंगलवार को आपके हाथों में होगा। - संपादक

इंडिगो फ्लाइट को हाईजैक की धमकी

बेंगलुरु। बेंगलुरु से दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट 6ई415 को हाईजैक की धमकी मिली। क्रू मेंबर को टॉयलेट में धमकीभरा नोट मिला। इसके बाद पायलट विमान को वापस बेंगलुरु ले गया। वहां के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी घोषित की गई। फ्लाइट उतरने के बाद विमान की पूरी जांच की गई। अब एजेंसियां धमकीभरे नोट की जानकारी जुटा रही है। विमान को एयरपोर्ट पर अलग से खड़ा किया है।

दुनिया का सबसे ऊंचा एयरबेस

13 हजार फीट की ऊंचाई पर उतरा वायुसेना का गजराज

लद्दाख की यह जगह चीन सीमा से 23 किलोमीटर दूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय वायुसेना ने शनिवार को अपने भारी मालवाहक विमान आईएल-76एमडी की लद्दाख के न्योमा एयरबेस पर लैंडिंग करवाई। यह लैंडिंग 13,629 फीट की ऊंचाई पर हुई, जो दुनिया का सबसे ऊंचा एयरबेस है। वायुसेना के मुताबिक, इस विमान की दुनिया के सबसे ऊंचे एयरबेस पर लैंडिंग हुई। न्योमा को मुध-न्योमा भी कहते हैं। यह पूर्वी लद्दाख में है और चीन बॉर्डर से सिर्फ 23 किमी दूर है। नवंबर 2025 में न्योमा को अपग्रेड करके नया एयरबेस बनाया गया था। तब तत्कालीन एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने सी-130जे से उतरकर इसका उद्घाटन किया था। वायुसेना के मुताबिक यह दुनिया का सबसे ऊंचा फाइटर-कैपेबल एयरफील्ड है। मतलब साफ है-अब भारत, चीन बॉर्डर के बिल्कुल पास भारी हथियार, गाड़ियां और बड़ी संख्या में सैनिक बहुत तेजी से पहुंचा सकता है। हालांकि, न्योमा पर पहले भी लैंडिंग हुई है। 20 अगस्त 2013 को सी-130जे ने वहां 16,614 फीट पर लैंड किया था, वो उस विमान का रिकॉर्ड था। अब आईएल-76एमडी (गजराज) का रिकॉर्ड बना है। दोनों अलग-अलग विमान हैं।

लॉरेंस गैंग से जुड़ा गैंगस्टर हैरी बॉक्सर यूएस में पकड़ा

वॉशिंगटन डीसी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े गैंगस्टर हैरी बॉक्सर को अमेरिका में हिरासत में लिया गया है।



रोहित शेट्टी के घर फायरिंग की ली थी जिम्मेदारी

अमेरिकी एजेंसी आईसीई ने उसे कैलिफोर्निया में हिरासत में लिया है। हैरी अमेरिका में रहकर गैंग की गतिविधियां चला रहा था। उस पर हत्या और रंगदारी समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। हैरी ने फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। इसके अलावा हैरी पर सलमान खान और कपिल शर्मा समेत अन्य बॉलीवुड हस्तियों को धमकी देने का भी आरोप है। इससे पहले गैंगस्टर हिमांशु भाऊ और नीरज फरीदपुरिया को भी अमेरिका में हिरासत में लिया गया था। ये दोनों भारत में कई आपराधिक मामलों में वांछित हैं।

टेक-महिंद्रा के पूर्व एशिया हेड की 9 गोलियां मारकर हत्या

- **पार्किंग से गाड़ी हटाने पर विवाद**
- **भांजे की शादी में आए थे सिंगापुर से**

फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)। हरियाणा के फरीदाबाद में टेक महिंद्रा के पूर्व एशिया हेड परमजीत धनखड़ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि पड़ोसी मोनू शर्मा ने शुक्रवार रात अपनी लाइसेंसी पिस्टल से उन पर करीब 15 राउंड फायरिंग की। परमजीत को 9 गोलियां लगीं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, दोनों परिवारों में पार्किंग में कुत्ते को पॉटी कराने और गाड़ी पार्किंग को लेकर विवाद था। शुक्रवार रात परमजीत जिम से लौटे और अपनी तय जगह पर खड़ी मोनू की गाड़ी हटाने को कहा तो उसने गोलियां चला दीं।



4 दिन पहले भी हुआ था झगड़ा

परमजीत का परिवार सेक्टर-21सी की बिल्डिंग नंबर 641 की पहली मंजिल पर रहता है। आरोपी मोनू का परिवार तीसरी मंजिल पर रहता है। सूरजकुंड थाना प्रभारी प्रह्लाद के मुताबिक, 4-5 दिन पहले भी मोनू और शौर्या के बीच झगड़ा हुआ था। परमजीत के बेटे शौर्य की शिकायत पर मोनू शर्मा उर्फ मोहन, उसकी पत्नी दिव्या, बेटे मयंक, बेटी नैना और भाई हेतराम के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

'बुलेट प्रूफ जैकेट-हथकड़ी पहनाकर यूपी भेजें, वरना होगा एनकाउंटर'

सिंगर अंकित बालियान हत्या के दो आरोपियों ने पटियाला हाउस कोर्ट से मांगी सुरक्षा

शामली (एजेंसी)। हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान की हत्या के दो आरोपियों ने फर्जी एनकाउंटर की आशंका जताते हुए दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट से सुरक्षा मांगी है। आरोपियों ने कोर्ट से कहा कि उन्हें यूपी के शामली ले जाते समय हथकड़ी, बेड़ियां और बुलेटप्रूफ जैकेट पहनाई जाए, क्योंकि यूपी पुलिस उनका फर्जी एनकाउंटर कर सकती है। इस पर कोर्ट ने जेल प्रशासन को दोनों की पेशी के दौरान पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि रास्ते में कोई अनहोनी न हो।



अंकित बालियान मर्डर केस में कब क्या हुआ

- 26 अगस्त को यूपी के शामली में एक जिम के बाहर हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान की गोली मारकर हत्या कर दी गई।
- 31 अगस्त 2026 को यूपी पुलिस और एसटीएफ ने कैराना में मुठभेड़ में शूटर मुहित और सुमित को मार गिराया था।
- नवंबर 2026 में हत्याकांड की साजिश में शामिल योगेश उर्फ टुंडा और दीपक उर्फ तीतर को गिरफ्तार करके कैराना कोर्ट में पेश किया था।

लंबे समय से इंतजार कर रहे कर्मचारियों में खुशी की लहर

परिवहन महानिदेशालय ने जारी किए आदेश

रोडवेज के 797 कंडक्टरों को दिवाली पर पदोन्नति का तोहफा, सब इंस्पेक्टर बने

राजेश्वर बैनीवाल ▶▶| हिसार

दीपावली के त्योहार पर हरियाणा रोडवेज के कंडक्टरों को परिवहन महानिदेशालय ने पदोन्नति का बड़ा तोहफा दिया है। विभाग ने प्रदेशभर के 797 कंडक्टरों को सब इंस्पेक्टर (एसआई) के पद पर पदोन्नत करने के आदेश जारी किए हैं। इस फैसले से हिसार डिपो के 47 कर्मचारियों को भी दीपावली की खुशियां दोगुनी करने का मौका मिला है। लंबे समय से पदोन्नति की बाट जोह रहे कर्मचारियों के लिए यह आदेश किसी त्योहार की सौगात से कम नहीं है।

5200 से 20200 रुपये का मिलेगा वेतनमान

परिवहन निदेशालय हरियाणा की ओर से जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।



महानिदेशक निखिल गजराज की ओर से जारी आदेशों के अनुसार पदोन्नत कर्मचारियों को 5200-20200 रुपये के वेतनमान तथा 2400 रुपये ग्रेड पे (पुनरीक्षित वेतनमान में एफपीएल-4) के तहत सब इंस्पेक्टर बनाया गया है। यह पदोन्नति हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की वरिष्ठता सूची के आधार पर निर्धारित मेरिट और वरिष्ठता के अनुसार दी गई है।

एक वर्ष तक परिवीक्षा अवधि रहेगी

आदेश के मुताबिक पदोन्नत होने वाले कर्मचारियों को पदभार ग्रहण करने की तारीख से एक वर्ष तक परिवीक्षा अवधि में रहना होगा। नई जिम्मेदारी और डिपो में तैनाती को लेकर पोस्टिंग के आदेश बाद में अलग से जारी किए जाएंगे। तब तक कर्मचारी अपने वर्तमान कार्यस्थल पर ही ड्यूटी करते रहेंगे। वहीं, जिन कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई लंबित है या जो निर्धारित सेवा शर्तें पूरी नहीं करते, उनके मामलों में नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा।

हिसार से इन्हें तोहफा

इनमें हिसार डिपो व हांसी सब डिपो के 47 कंडक्टर शामिल है। इनमें नरेंद्र, मनजीत, संजय, शमशेर सिंह, पवन, राममेहर सिंह, प्रदीप, होशियारा राम, चरण सिंह, सुरेंद्र, अनिल, अनिल कुमार, संदीप कुमार, ऋतु पराग, हरदीप, विजय शर्मा, नवीन, नवीन कुमार, मंगल राम, सुधीर कुमार को पदोन्नति दी गई है। इसके अलावा उदयवीर, मनोज कुमार, रोहताश, करण सिंह, जयभगवान, अनिल, राजेश, संदीप, कुलदीप, सुधीर, राजबीर, रमेश, मंजीत, संदीप, महावीर, राजकुमार, रमेश, सत्यवान, आजाद, परवीन, अनिल, राजेश, बजरंग, वीरेंद्र, विकास, फूल और रमेश चंद्र को सब इंस्पेक्टर बनाया गया है।

गुरुग्राम में छिपकर रह रहे 14 विदेशी गिरफ्तार

गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)। गुरुग्राम में छिपकर रह रहे 14 विदेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने एसओजी नूंह और रोहतक के जवानों के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। टीम ने जब इन लोगों से भारत में रहने से जुड़े दस्तावेज मांगे तो 14 में से कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। इनके पास न तो पासपोर्ट मिले और न ही वीजा। इसके बाद सभी को मानेसर स्थित डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया। एटीएस एसपी वरुण सिंगला के मुताबिक, खुफिया एजेंसियों से इन विदेशी नागरिकों के गुरुग्राम और आसपास के इलाकों में छिपे होने की पुख्ता जानकारी मिली थी। इसके बाद एटीएस के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जवानों ने ऑपरेशन चलाया।

- सभी की उम्र 17-30 के बीच, डिटेंशन सेंटर भेजा

बांग्लादेश भेजने की तैयारी

एटीएस एसपी ने बताया कि सभी के खिलाफ विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उनकी नागरिकता और दस्तावेजों से जुड़ी प्रक्रिया पूरी करने के लिए दूतावास के माध्यम से संपर्क किया जाएगा। इसके बाद सभी को वापस बांग्लादेश भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश एवं देशवासियों को दी शुभकामनाएं

दिवाली खुशियों के साथ जीवन में नई ऊर्जा का संचार करने वाला पर्व

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कामना की कि प्रकाश और उल्लास का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए तथा हर घर में आशा, सकारात्मकता और नई ऊर्जा का संचार हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और खुशियां मनाने का पर्व ही नहीं, बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक भी है। यह पर्व हमें जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने, बुराइयों का त्याग करने तथा सदाचार, सेवा और परोपकार के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। दीपावली का पावन संदेश प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और उमंग का संचार करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में दीपावली का विशेष महत्व है। यह पर्व समाज में प्रेम, भाईचारे, एकता और आपसी सद्भाव की भावना को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। दीपावली हमें यह भी संदेश देती है कि सामूहिक प्रयासों, सहयोग और परस्पर विश्वास के बल पर समाज और राष्ट्र को प्रगति एवं समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे दीपावली का पावन पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे, सौहार्द और उल्लास के साथ मनाएं तथा इस अवसर पर जरूरतमंदों के जीवन में भी खुशियों का दीप जलाने का संकल्प लें। उन्होंने सभी के सुखद, मंगलमय और समृद्ध भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की भेंट



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी पत्नी सुमन सैनी सहित शनिवार को हरियाणा लोक भवन में राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और लेडी गवर्नर मित्रा घोष से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व भारतीय संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है।

कालका की गोशालाओं के लिए 52.05 लाख रुपये की ग्रांट जारी

पंचकूला। दीपावली के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की गोशालाओं को आर्थिक सहायता राशि के चेक प्रदान कर गोसेवा एवं गोवंश संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का सराहनीय परिचय दिया है। मुख्यमंत्री की इस पहल से प्रदेश की गोशालाओं को बड़ी राहत मिलेगी और गोवंश की बेहतर देखभाल, चारे तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ करने में सहायता प्राप्त होगी। कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दीपावली जैसे पावन पर्व से पहले गोशालाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना अत्यंत सराहनीय एवं पुण्य का कार्य है। यह पहल केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि गोमाता के प्रति श्रद्धा, सेवा और संवेदनशीलता का प्रतीक है।

एसआईआर में कटे 33.83 लाख मतदाताओं को फिर मिलेगा नाम जुड़वाने का मौका

चंडीगढ़। हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के दौरान प्रारंभिक मतदाता सूची से बाहर हुए 33.83 लाख मतदाताओं को चुनाव आयोग ने एक और मौका दिया है। अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत अथवा दोहरी प्रविष्टि (एएसडीडी) के रूप में चिह्नित होने या गणना फार्म जमा नहीं करने के कारण सूची से बाहर रहे मतदाता अब तय प्रक्रिया के तहत अंतिम मतदाता सूची में नाम शामिल करा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्रीनिवास ने बताया कि संबंधित मतदाताओं की बूथवार सूचियां मतदान केंद्रों के नोटिस बोर्ड, पंचायत भवनों, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों तथा संबंधित अधिकारियों के कार्यालयों में प्रदर्शित की जाएंगी। वेबसाइट पर पीडीएफ प्रारूप में भी उपलब्ध होंगी, जिनमें नाम शामिल नहीं होने के संभावित कारण दिए जाएंगे। एसआइआर के दौरान आयोग ने 10 लाख 37 हजार 708 मतदाताओं को अनुपस्थित, सात लाख 66 हजार को मृत, 13 लाख 74 हजार 759 को स्थानांतरित और दो लाख चार हजार, 832 मतदाताओं को दोहरी प्रविष्टि के रूप में चिह्नित किया था। इस तरह दो करोड़ छह लाख 55 हजार 929 मतदाताओं में से एक करोड़ 72 लाख 72 हजार 627 मतदाता ही 31 जुलाई को प्रकाशित प्रारंभिक सूची में जगह बना सके थे।

25 जनवरी से होगी जनगणना, 10 से 24 जनवरी तक सेल्फ एन्यूमरेशन का मौका

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने जनगणना 2027 के दूसरे चरण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके तहत प्रदेश में 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक जनसंख्या गणना की जाएगी। इससे पहले 10 से 24 जनवरी तक लोगों को स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा मिलेगी। वहीं, गणना प्रक्रिया पूरी होने के बाद 1 से 5 मार्च 2027 तक पांच दिवसीय पुनरीक्षण चरण आयोजित किया जाएगा। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तीय आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा जनगणना 2027 के लिए राज्य नोडल अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि स्व-गणना के माध्यम से लोग मुख्य जनगणना प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद राज्यभर में घर-घर जाकर सभी परिवारों को जनसंख्या गणना में शामिल किया जाएगा। डॉ. सुमिता मिश्रा के अनुसार, 10 से 24 जनवरी 2027 तक निवासी स्व-गणना का विकल्प चुन सकेंगे। इससे लोगों को अपनी जानकारी पहले से दर्ज करने का अवसर मिलेगा। इसके बाद 25 जनवरी से जनगणना का मुख्य चरण शुरू होगा, जो 28 फरवरी तक चलेगा। 1 से 5 मार्च तक पुनरीक्षण चरण में दर्ज की गई जानकारियों की समीक्षा की जाएगी।

मानेसर जमीन घोटाले में चार्जशीट दाखिल एमथ्रीएम समूह का प्रवर्तक बंसल आरोपी

चंडीगढ़। मानेसर जमीन घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपपत्र दाखिल किए हैं। इस मामले में एम3एम समूह के प्रवर्तक रूप बंसल को भी आरोपी बनाया गया है।

- निजी बिल्डरों और सरकारी अफसरों की मिलीभगत से किसानों की जमीन हड़पने का आरोप

सीबीआई ने पंचकूला स्थित विशेष सीबीआई अदालत में शुक्रवार को यह आरोपपत्र दाखिल किया है। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 11 दिसंबर की तारीख निर्धारित की है।मानेसर जमीन घोटाले का मामला गुरुग्राम जिले के मानेसर, नौरंगपुर और लखनौला गांवों की जमीन से जुड़ा है। आरोप है कि निजी बिल्डरों और सरकारी अधिकारियों ने मिलीभगत कर किसानों की जमीन को कम कीमत पर हासिल करने की साजिश रची। इसके लिए सरकारी अधिग्रहण का डर दिखाकर जमीन मालिकों पर जमीन बेचने का दबाव बनाया गया। सीबीआई की जांच में आरोप लगाया गया है कि जमीन मालिकों को उनकी जमीन के वास्तविक बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर जमीन बेचने के लिए मजबूर किया गया।

किसानों को प्रति एकड़ करीब 20 से 25 लाख की दर से जमीन बेचने के लिए तैयार किया गया, जबकि उस समय जमीन का बाजार मूल्य इससे काफी अधिक था। जांच एजेंसी के अनुसार, निजी बिल्डरों ने अधिग्रहण की अधिसूचना के तहत आने वाली जमीन के बड़े हिस्से खरीद लिए। इसके बाद जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया को आगे बढ़ने देने के बजाय रोकने की स्थिति पैदा की गई। आरोप है कि 24 अगस्त 2007 को जमीन अधिग्रहण से मुक्त करने का आदेश जारी किया गया, जिससे मूल जमीन मालिकों के बजाय निजी बिल्डरों और उनके सहयोगियों को लाभ पहुंचा।

रिटायरमेंट के बाद राज वालिया को मिलेगा आईपीएस का रैंक

चंडीगढ़। विभागीय देरी किसी अधिकारी के करियर पर बुरा असर डालती है। हरियाणा पुलिस सेवा के अधिकारी राज कुमार वालिया का मामला इसका उदाहरण है। वर्ष 2022 की आईपीएस चयन सूची में दूसरा स्थान मिलने और संघ लोक सेवा आयोग से मंजूरी के बावजूद उन्हें केवल इस आधार पर नियुक्ति से वंचित कर दिया गया कि चयन प्रक्रिया पूरी होने तक वह सेवानिवृत्त हो चुके थे। अब केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण की चंडीगढ़ बेंच ने उन्हें बड़ी राहत देते हुए वर्ष 2022 के पैनल के अनुसार देय तिथि से आईपीएस कैडर में नियुक्ति देने के निर्देश दिए हैं। अधिकरण ने केंद्र सरकार और यूपीएससी सहित संबंधित पक्षों को आदेश की प्रमाणित प्रति मिलने के चार सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई पूरी करने को कहा है।

पटाखा-मुक्त हरित दीपावली मनाने का आह्वान प्रदेश के 24 शहरों पर रहेगा अभियान का फोकस

चंडीगढ़। दीपावली का पर्व जीवन में सकारात्मकता, नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करने के साथ सामाजिक एकता एवं सद्भाव का संदेश देता है। इस पर्व को पर्यावरण संरक्षण के साथ मनाने के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के ईआईएसीपी कार्यक्रम केंद्र ने हरियाणा के लोगों से पटाखा-मुक्त हरित दीपावली मनाने की अपील की है। केंद्र ने राज्य के 24 शहरों और कस्बों के नागरिकों से स्वच्छ हवा और पर्यावरण संरक्षण के लिए हरित दीपावली का संकल्प लेने का आह्वान किया है। भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के समर्थन से चलाया जा रहा यह अभियान केंद्र सरकार के मिशन लाइफ के तहत 20 अक्टूबर से 8 नवंबर तक देशभर में आयोजित किया जा रहा है। हरियाणा में इसके दायरे में अंबाला, बहादुरगढ़, बल्लभगढ़, भिवानी, चरखी दादरी, धारूहेड़ा, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, मंडीखेड़ा, मानेसर, नारनौल, पलवल, पंचगांव, पंचकूला, पानीपत, रोहतक, सिरसा, सोनीपत और यमुनानगर को शामिल किया गया है।

प्रदेश अब तक में डेंगू के 903 मामले

चंडीगढ़। हरियाणा में डेंगू और मलेरिया का आंकड़ा बढ़ रहा है। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस बाबत एडवाइजरी भी जारी की गई है लेकिन इसके बावजूद लोग सावधानी नहीं बरत रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में इस साल अब तक डेंगू के 903 मामले रिपोर्ट हुए हैं वहीं 6 अगस्त 2026 तक हरियाणा डेंगू के 105 ही मामले रिपोर्ट हुए थे। इस लिहाज से पिछले तीन महीने की अवधि में करीब 800 से ज्यादा मामले रिपोर्ट हुए हैं जिसको देखते लोगों को सावधानी बरतने की जरुरत है। स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी और चेतावनी के बावजूद आमजन द्वारा जरूरी गाइडलाइंस का पालन न करने से हालात बिगड़ रहे हैं। हालांकि पिछले साल 1 जनवरी में 2025 से 5 नवंबर 2025 तक 1982 मामले रिपोर्ट हुए थे जिसकी तुलना में अबकी बार मामले आधे ही हैं।मच्छर जनित बीमारियो को लेकर हरियाणा के हेल्थ विभाग के डीजी डॉ मनीष बंसल ने कहा कि विभाग बीमारियों को रोकथाम को लेकर निरंतर जरुरी कदम उठा रहा है।



कोटी के पास भूस्खलन से 67 दिन से रुकी रेल सेवा

कालका-शिमला ट्रैक पर सन्नाटा, ट्रेनें बंद होने से 2.45 करोड़ का नुकसान

- चार जोड़ी ट्रेनों से प्रतिदिन लगभग 3 .66 लाख रुपये की आय होती थी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

कालका-शिमला के ऐतिहासिक रेलमार्ग पर इन दिनों रेल के पहिये पिछले दो माह से ज्यादा वक्त बीत जाने के बाद भी थमे हुए हैं। इससे रेलवे को मोटी आर्थिक चपत लगी है, लगभग ढाई करोड़ का नुकसान हो चुका है। रेलवे की इस मार्ग पर सेवाएं लगातार पिछले 70 दिनों से ठप हैं। यहां पर बता दें कि भारी बारिश और भूस्खलन के अगस्त अंत में गांव कोटी के पास भूस्खलन हुआ था, जिसके कारण रेलवे पुल के आसपास की मिट्टी बह गई थी। इतना ही नहीं पुल की पटरियां हवा में लटक गईं थी रेल यातायात पूरी तरह बंद करना पड़ा। इस व्यवधान से रेलवे को करीब 2.45 करोड़ राजस्व का नुकसान हो चुका है। सेवाएं बंद होने के बावजूद रेलवे को इस मार्ग पर चलने वाली चार जोड़ी ट्रेनों से प्रतिदिन लगभग 3.66 लाख रुपये की आय होती थी। रेलवे के राजस्व अनुमान के अनुसार, चारों ट्रेनें प्रतिदिन करीब 86,400 यात्रियों को सेवाएं उपलब्ध कराती थीं। ट्रेन संख्या 52457 कालका-शिमला एक्सप्रेस में प्रतिदिन लगभग 86,400 का राजस्व प्राप्त होता था। वहीं, ट्रेन संख्या 52451 शिवालिक डीलक्स एक्सप्रेस में प्रथम श्रेणी की 48 सीटें हैं और प्रति यात्री किराया 595 रुपये है। इससे प्रतिदिन करीब 57,120 रुपये की आय होती थी।



कालका-शिमला एक्सप्रेस के थमे पहिये

इस तरह ट्रेन संख्या 52459 कालका-शिमला एक्सप्रेस में विस्टाडोम कोच भी शामिल हैं। इसमें 24 प्रथम श्रेणी सीटों का किराया 475 और लगभग 90 विस्टाडोम सीटों का किराया 630 रुपये प्रति यात्री है। इस ट्रेन से प्रतिदिन करीब 1.36 लाख रुपये की आय होती थी। ट्रेन संख्या 52455 हिमालयन क्वीन एक्सप्रेस में प्रथम श्रेणी की 24 सीटें 475 रुपये प्रति यात्री और करीब 120 चेयरकार सीटें 275 प्रति यात्री के किराये वाली हैं। इस ट्रेन से प्रतिदिन लगभग 86,400 का राजस्व मिलता था। रेलवे अनुसार, चारों ट्रेनों से प्रतिदिन करीब 3.66 लाख की कमाई होती थी। 67 दिनों तक रेल सेवाएं बंद रहने से रेलवे को लगभग 2.45 करोड़ का राजस्व नुकसान हुआ है।



हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न. पेश है तमिलनाडु के **रुबेशकुमार टी** की **तंजौर कला.**

Hero

Hero

भरोसा सोने सा खरा

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ





HF Deluxe Pro | STARTING EX-SHOWROOM PRICE ₹62 924



XTREME 125R | STARTING EX-SHOWROOM PRICE ₹93 127

सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@

कैश डिस्काउंट ₹3000~ तक

इंस्टेंट कैशबैक ₹10000^ तक SBI card HDFC BANK pine labs

एक्सचेंज बोनस ₹4000~ तक

कम डाउन पेमेंट ₹999^ से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2200~ तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount, Exchange & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, Offer available only on limited stores. @Offer is only for New Goodlife members. Limited period offer-T&C apply. Ex-showroom price of HF Deluxe Kick & Xtreme 125R IBS in Haryana.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: **Ambala Cantt:** Haryana Motors- 9289923122; **Ambala City:** Dhruv Hero- 9289922868; **Assandh:** Sandhu Hero- 9996571157; **Bahadurgarh:** Satvik Hero- 9289922550 **Bhiwani:** Jaya Hero- 9289922056; **Ellenabad:** Ajit Hero- 9289922505; **Fatehabad:** Shri Balaji Hero- 9289922057; **Gharaunda:** Laxmi Hero- 9289922433; **Gohana:** Krishna Hero- 9289923026; **Hisar:** Chaudhary Hero- 9289922049, Vikrant Hero- 9289923082; **Jhajjar:** Pushkar Hero- 9289923147; **Jagadhari:** Khanna Hero- 9289922050; **Jind:** National Hero - 9289922061; **Kaithal:** Chaudhary Hero- 9289922062; **Karnal:** Nirmal Hero- 9289922048; **Kurukshetra:** VPS Hero- 9289922988; **Ladwa:** Khanna Hero- 9289922063; **MandiDabwali:** Karan Hero- 9289922490; **Nuh:** Sunil Hero- 9289923087; **Narnaul:** Autodeals Hero- 9289922058; **Narwana:** Narwana Hero- 9289923101; **Palwal:** DevVaahan Hero- 9289922877; **Panipat:** Kadian Hero- 9289923182, Sahib Hero- 9289922059; **Pehowa:** Saraswati Hero- 9289922393; **Panchkula:** Regent Hero- 9289923161; **Rewari:** Virendra Hero- 9289922060; **Rohtak:** Shivam Hero- 9289922047; **Sirsa:** Khanna Hero- 9289923195; **Sonipat:** Madaan Hero - 9289922865; **Yamuna Nagar:** Rohit Hero- 9289922394; **Hansi:** Sunil Motors- 9821744694; **Gurugram:** Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, **Badshahpur:** Himgiri Hero- 9289923046, **Basai Road Sector 11:** Sharma Hero- 9289923221, **Mehrauli Rd Sector 15:** Autoneeds Hero- 9289922051, **Rajeev Chowk:** Jasodha Hero- 9289922495, **Wazirabad:** Himgiri Hero- 9289924247, **Railway Road:** Himgiri Hero- 9289924248; **Sohna:** No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; **Faridabad:** Sehgal Hero- 9289922419, **NIT:** Sehgal Hero- 7217627327, **Neelambata Road:** VPS Jindal Motors, 9289235889.

Cheil 33547/26

खबर संक्षेप

कुवि के वीसी का कार्यकाल एक माह के लिए बढ़ाया



कुरुक्षेत्र। हरियाणा सरकार की सिफारिश पर हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा का कार्यकाल एक माह के लिए बढ़ा दिया है। इस संबंध में हरियाणा लोक भवन, चंडीगढ़ की ओर से 6 नवंबर 2026 को आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार, कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा का कार्यकाल अस्थायी रूप से एक माह अर्थात 8 दिसंबर 2026 तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि वे विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे।

घर में चल रहा था पेंट खेलते समय 2 साल के बच्चे ने पिया फिनाइल

फरीदाबाद। जिले के एनआईटी 3 में घर में खेलते समय फिनाइल पीने से दो साल के बच्चे की तबीयत बिगड़ गई। घटना के समय घर में दीपावली को लेकर पेंट का काम चल रहा था। बच्चे ने खेलते समय बोतल में रखी फिनाइल पी ली। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तुरंत बीके अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को दिल्ली रेफर कर दिया। बच्चे के पिता सुखलाल ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बदायूं के रहने वाले हैं। पिछले करीब 17 साल से फरीदाबाद में किराये के मकान में रह रहे हैं। वह एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। परिवार में तीन बच्चे हैं। गोलू उनका सबसे छोटा बेटा है। सुखलाल के अनुसार, दीपावली को देखते हुए शनिवार को घर में रंग-रोगन का काम चल रहा था। उनका दो साल का बेटा गोलू घर में रखी बोतल तक पहुंच गया और उसमें भरी फिनाइल पी गया।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों की पुलिस को थी तलाश, एनकाउंटर में दोनों ओर से 10 फायर हुए

जींद में बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़, पैर में गोली मारकर 2 पकड़े

ढाठरथ निवासी चचेरा भाई भी था हमले में शामिल, पुलिस ने गोहाना के एक युवक को भी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हमला करने के आरोपी नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन।

गांव ढाठरथ में पखवाड़ा पहले अपने ही चचेरे भाई को गोली मारने के मुख्य आरोपित व उसके साथी के साथ शनिवार शाम को पुलिस की मुठभेड़ हो गई। सीआईए पुलिस टीम ने सात फायर किए जबकि आरोपितों ने तीन फायर किए। इसमें गांव ढाठरथ निवासी मुख्य आरोपित अमन व देवी नगर गोहाना निवासी सुमित को पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने आरोपितों को काबू करके नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

22 अक्टूबर को गांव ढाठरथ में रिंकू उर्फ शीला पर गोली चलाने के आरोप में पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने ढाठरथ निवासी साधुराम को गिरफ्तार किया है । पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। इससे पहले पुलिस इस मामले में ढाठरथ निवासी जसविंद्र, अक्षय व दीप उर्फ माटर को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया कि 22 अक्टूबर को गांव ढाठरथ में रिंकू उर्फ शीला पर गोली चलने की सूचना थी। पुलिस को घायल रिंकू ने बताया था कि वह अपने पशुबाड़े में पशुओं का दूध निकाल रहा था, तभी जसविंद्र उर्फ धौला व उसका चचेरा भाई अमन वासी ढाठरथ अपने साथियों के साथ योजनाबद्ध तरीके से पहुंचे और अमन ने फायर कर दिया। रिंकू को एक गोली दाहिने हाथ में लगी। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी जसविंद्र उर्फ धौला वासी ढाठरथ, अक्षय वासी खंदराई व दीप उर्फ माटर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। शुक्रवार को इस मामले में पुलिस ने आरोपित साधुराम को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुख्य आरोपित अमन की तलाश कर रही थी। शनिवार शाम को पुलिस को सूचना मिली कि अमन अपने एक अन्य साथी के साथ गांव ढाठरथ के पास से गुजर रही नहर के पास खड़ा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर जाकर दबिश दी और आरोपितों को सरेंडर करने के लिए कहा। पुलिस के अनुसार आरोपितों ने पुलिस की तरफ फायर कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी फायर किए। इसमें अमन व उसके साथ गोहाना निवासी सुमित के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपितों को काबू करके नागरिक अस्पताल में दाखिल करवा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लुधियाना से ट्रेन में आकर जींद के खेतों से चुराते थे तार

केबल चोरी के आरोपियों को ग्रामीणों ने बुरी तरह पीटा, एक की मौत, 2 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। मौके पर कार्रवाई करते पुलिसकर्मी व मृतक का फाइल फोटो।

गांव कालवान में खेतों में ट्यूबवेलों से कीमती केबल चोरी करते पकड़े गए तीन युवकों की ग्रामीणों ने बेरहमी से पिटाई कर डाली, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। मृतक तथा उसके दोनों साथी नशे के आदी बताए जा रहे हैं। लुधियाना से ट्रेन पकड़ कर चोरी करने गांव कालवन पहुंचे थे। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतक के घायल साथी की शिकायत पर 30-35 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव कालवन के लोग खेतों में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए निगरानी रखे हुए थे। रात को ग्रामीणों ने तीन युवकों को ट्यूबवेलों से चोरी की गई कीमती केबलों के साथ रेलवे यार्ड के निकट पकड़ लिया। सूचना मिलने पर रात को ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और तीनों युवकों की धुनाई कर डाली। मारपीट के दौरान एक युवक गिर गया और उसका सिर किसी वस्तु से जा टकराया। तीनों युवकों को नागरिक अस्पताल नरवाना लाया गया, जहां एक घायल युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान गांव भीत भगवतपुर (बिहार) निवासी आशीष मिश्रा के रूप में हुई। जबकि उसके घायल साथियों की पहचान गांव भेगमपुर (बिहार) निवासी अमन तथा गांव सेनथली तोला निवासी कैलाश उर्फ बबलू के रूप में हुई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। गढ़ी थाना पुलिस ने घायल कैलाश की शिकायत पर अज्ञात 30-35 लोगों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

30-35 ग्रामीणों पर केस दर्ज

गढ़ी थाना के जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि तीनों युवक नशे के आदी हैं। खेतों से चोरी करते ग्रामीणों ने पकड़ा था, जिनसे मारपीट की गई। एक का सिर किसी वस्तु से टकरा गया, जिसमें उसकी मौत हो गई। फिलहाल 30-35 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया है।

नशे की लत पूरी करने को करते थे चोरी

मृतक तथा उसके दोनों साथी नशे के आदी हैं। तीनों लुधियाना में किराये पर कमरा ले कर रह रहे थे। नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देने लगे। तीनों ने खेतों में ट्यूबवेलों से कीमती केबलों को चोरी करना आसान लगा, जिसके चलते उन्होंने नरवाना के आसपास के इलाकों को निशाना बनाया। तीनों ट्रेन से इलाके में आते और फिर चोरी की वारदातों को अंजाम देकर फरार हो जाते थे। खेतों में चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए तीनों ट्रेन से गांव कालवान रेलवे हाल्ट पर उतरे और फिर रात को खेतों में चोरी की वारदात को अंजाम देर वापस हाल्ट पर पहुंच गए। इसी बीच तीनों ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गए।

दो लाख के विवाद में भतीजे की हत्या करने पर उम्रकैद

फरीदाबाद। पलवल के गांव घाघोट में चौथी कक्षा के छात्र दिनेश कुमार की हत्या के मामले में एडिशनल सेशन जज हेमराज मित्तल की कोर्ट ने उसके चाचा योगेश को उम्रकैद की सजा सुनाई है। जुलाई 2020 में योगेश ने अपने 10 वर्षीय भतीजे की खेत में ले जाकर गला घोंटकर हत्या कर दी थी। करीब 6 साल तक चले इस केस में कोर्ट ने अब कड़ी सजा सुनाई। कोर्ट ने उस पर 1.60 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके अलावा मृतक के परिवार को 1.50 लाख रुपये देने के आदेश दिए गए हैं। कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पलवल को हरियाणा पीड़ित मुआवजा योजना-2020 के तहत परिवार को अतिरिक्त मुआवजा देने की सिफारिश भी की है।

12 जुलाई 2020 को गांव घाघोट निवासी मुस्मी रामचंद ने अमरपुर चौकी में शिकायत दी थी कि उसका पोता दिनेश घर से खेलने के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। 16 जुलाई को गांव कटेसरा रोड पर ईख के खेत से दिनेश का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शक के आधार पर उसके चाचा योगेश को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि योगेश ने दिनेश के पिता से उधार लिए 2 लाख नहीं लौटाए थे।

दिवाली की खरीदारी करने गए, हादसे का शिकार बने

नील गाय को बचाते हुए पेड़ से टकराई कार, 2 की मौत

- एक युवक का अग्निवीर में हो चुका था चयन और एक था 12वीं का छात्र, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

शनिवार सुबह नांगल मूंदी के पास नीलगाय को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुई बलेनो कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

नांगल मूंदी निवासी गजेंद्र, सुमित व मोहित दिवाली का सामान खरीदने के लिए घर से कार लेकर रेवाड़ी के लिए निकले थे। कार को गांव का ही युवक चला रहा था। प्राणपुरा रोड पर पहुंचते ही कार के सामने नीलगाय आ गई। उसे बचाने के प्रयास में कार पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

ग्रामीणों ने तुरंत कार में फंसे चारों युवकों को निकालने के प्रयास किए। इसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गजेंद्र और मोहित को मृत घोषित कर दिया गया। चालक को ज्यादा चोटें नहीं आईं, जबकि सुमित को गंभीरावस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने के बाद अस्पताल पहुंची थाना खोल पुलिस ने शवों का अंतिम संस्कार कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए।

गांव में एक साथ दिवाली पर्व पर हुई दो युवकों की मौत से मातम छा गया। गमगीन माहौल में शनिवार शाम दोनों शवों का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने कार को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। गजेंद्र ने अग्निवीर की परीक्षा पास की हुई थी। उसे जनवरी माह में ही सेना ज्वाइन करनी थी। दूसरी ओर मोहित बारहवीं कक्षा में पढ़ रहा था।

कैथल में पराली जलाने पर चार किसानों पर केस दर्ज

कैथल। कृषि विभाग की निगरानी कमेटियों ने कैथल व कलायत खंड के 4 गांवों में धान के फसल अवशेष जलाने पर 4 किसानों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। बड़सीकरी खुर्द, देबवन, कुतुबपुर और जाखौली गांव में पराली जलाई गई। हुई। वहीं, शनिवार को कैथल का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 288 दर्ज किया गया। बता दें कि इससे पहले सीवन के गांव नागल और कलायत में भी पराली जलाने पर दो किसानों के खिलाफ केस दर्ज किए गए थे।

गांव कुतुबपुर निवासी किसान सतपाल के खिलाफ कैथल सदर थाना में केस दर्ज किया गया है। गांव बड़सीकरी खुर्द निवासी किसान कपिंद्र के खिलाफ कलायत थाना में केस दर्ज किया गया है। गांव देबवन निवासी किसान कुलदीप के खिलाफ तितरम थाना में केस दर्ज किया गया है। कृषि विभाग की निगरानी कमेटी ने 4 नवंबर को खेत का निरीक्षण किया था। जांच में सामने आया कि किसान ने 3 नवंबर को अपने खेत में धान के अवशेष जलाए थे। गांव जाखौली निवासी किसान ईलू के खिलाफ भी तितरम थाना में केस दर्ज किया गया है। निगरानी कमेटी ने 5 नवंबर को खेत का मुआयना किया था।

कर्मभूमि एक्सप्रेस में आग की जांच में जुटी फॉरेंसिक टीम

अंबाला। पंजाब के सराय बंजारा स्टेशन (सरहिंद-राजपुरा रेल खंड) के पास ट्रेन नंबर 12508 कर्मभूमि एक्सप्रेस में लगी आग के मामले में जांच तेज हो गई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अब सबकी निगाहें फॉरेंसिक रिपोर्ट पर आ टिकी हैं। फॉरेंसिक टीम की ओर से प्रस्तुत रासायनिक और तकनीकी निष्कर्षों के आधार पर ही यह फैसला लिया जाएगा कि इस पूरे घटनाक्रम की जांच रेलवे बोर्ड की उच्च स्तरीय सुरक्षा समिति को सौंपी जाएगी या फिर इसकी जिम्मेदारी अंबाला मंडल के प्रशासनिक अधिकारियों तक ही सीमित रहेगी। हालांकि आग लगने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। फॉरेंसिक साइंस प्रयोगशाला के विशेषज्ञों की टीम ने शुक्रवार को हुए इस हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। टीम ने आग से प्रभावित डिब्बों से जली हुई सामग्री, राख, पिघली धातु और मलबे के सैंपल सील किए हैं। जांच में मुख्य रूप से यह पता लगाया जाएगा कि कहीं आग लगाने के लिए पेट्रोल, केरोसिन, डीजल या किसी अन्य रासायनिक ज्वलनशील पदार्थ का इस्तेमाल तो नहीं किया गया।

378 किलो अवैध पटाखे बरामद, फर्नीचर के गोदाम में छिपाए थे

फरीदाबाद। अवैध पटाखों के भंडारण, परिवहन और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए फरीदाबाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में कुल 378.100 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में एक-एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इनमें एक कैंटर भी जब्त किया गया है। अपराध शाखा एवीटीएस-2 भूपानी की टीम ने बाटा चौक के पास सेक्टर-20बी, मथुरा रोड स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के नजदीक एक कैंटर की जांच के दौरान छह गत्ते की पेटियों में रखे 198.100 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद किए। कैंटर चालक ध्यान सिंह निवासी सोलन, हिमाचल प्रदेश, पटाखों के संबंध में कोई वैध लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका। वहीं, थाना डबुआ पुलिस ने डबुआ-पाली रोड स्थित सोनू के फर्नीचर गोदाम पर छापेमारी कर 180 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए। पुलिस ने मौके से आरोपी सुमित निवासी एनआईटी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया। तीन पेटियों में यह पटाखे रखे थे।

राशिफल

मेष वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

वृष आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

सिंह आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

तुला आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

धनु व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

मकर मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

कुंभ स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

मीन शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

परेशानी

दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो स्टेशनों पर भीड़ बढ़ने से कई बार गेट बंद करने पड़े

दिवाली पर घर जाने की होड़, मेट्रो में भीड़ ने तोड़े रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



गुरुग्राम। मेट्रो स्टेशन पर जुटी भारी भीड़।

गुरुग्राम, दिल्ली व एनसीआर में वर्किंग डे के अंतिम दिन घर जाने के लिए मेट्रो स्टेशनों पर रिकॉर्डतोड़ भीड़ उमड़ पड़ी। गुरुग्राम में रात साढ़े 11 बजे तक आखिरी मेट्रो तक स्टेशनों के बाहर लोगों की भीड़ लगी रही। मिलेनियम सिटी गुरुग्राम, इफ्को चौक, एमजी रोड, सिकंदरपुर, द्रोणाचार्य स्टेशनों पर यात्रियों की इतनी भारी भीड़ उमड़ पड़ी कि भीतर और बाहर पैर रखने तक की जगह नहीं बची। डीएमआरसी को कई बार स्टेशनों के गेट बंद तक करने पड़े। दरअसल ऑफिसों में काम करने वाले कर्मचारी वीकेंड की छुट्टी के चलते शाम को एक साथ अपने घरों के लिए निकले। ऊपर से दिवाली पर अपने घर जाने वालों की भारी भीड़ भी इसी समय स्टेशनों पर पहुंच गई।

त्योहार पर बढ़ाने चाहिए थे मेट्रो के फेरे

उत्तर प्रदेश, बिहार और अन्य राज्यों में अपने परिवारों के साथ त्योहार मनाने के लिए निकलने वाले प्रवासियों का यह सैलाब सीधे मेट्रो स्टेशनों पर उमड़ पड़ा, जिससे स्थिति पूरी तरह बेकाबू हो गई। यात्रियों ने शिकायत की कि दीवाली और वीकेंड के इस संयोजन को देखते हुए ट्रेनों के फेरे पहले ही बढ़ाए जाने चाहिए थे और अतिरिक्त सुरक्षा काउंटर खोले जाने चाहिए थे।

आज मेट्रो के समय में बदलाव

बहादुरगढ़। दिवाली के त्योहार को देखते हुए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने 8 नवंबर को मेट्रो परिचालन के समय में बदलाव किया है। दिवाली के दिन सभी मेट्रो लाइनों पर आखिरी ट्रेन रात 11 बजे के बजाय रात 10 बजे टर्मिनल स्टेशनों से रवाना होगी। यह व्यवस्था एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर भी लागू रहेगी। वहीं, रविवार होने के बावजूद यात्रियों की सुविधा के लिए पिंक, मैजेंटा और ग्रे लाइन पर मेट्रो सेवा सुबह 7 बजे के बजाय 6 बजे से शुरू होगी। इससे इन रूटों पर सफर करने वाले यात्रियों को एक घंटे पहले मेट्रो मिलेगी। ऐसे में दिल्ली और बहादुरगढ़ से मेट्रो के जरिए सफर करने वाले यात्रियों को बदली हुई समय-सारणी के अनुसार यात्रा की योजना बनानी होगी।

शब्द पहेली - 6402



बाएँ से दाएँ
1. लूटमार, डाका-4
5. रपटना -4
9. डोली उठानेवाले-3
10. पुत्र, लड़का-3
12. अधिकार-2
14. नवीन, नया-2
15. एक विदेशी शराब-2
16. कला, हुनर-2
17. मां का प्यार-3
19. दम, बल, जोर-3
21. पपीहा, पपीहरा-3
22. करामात, कारनामा-4
24. शमशीर, कृपाण-4
25. तरंगित, लहरीय-5
26. बोरिया-बिस्तर-4
29. साले की पत्नी-4
33. प्रयास, यत्न-3
34. सहायता, सहयोग-3
36. लीन, तल्लीन-3
37. गहन वन, बुनाई कर्म-2
38. टुकड़ा, कण-2
39. मैं का बहुवचन-2
41. भीगा हुआ-2
42. अंधकार, अंधेरा-3
43. द्रव मापने की इकाई-3
45. प्राचीर, स्तंभ-4
46. बादला, जरबाफ-4

ऊपर से नीचे
2. अधिकार-2
3. जगत, दुनिया-3
4. सुनसान शांति, -4
5. आदत-4
6. साजन, बालम-3
7. क्रमबद्धता-2
8. मूर्ख, बेवकूफ-4
11. बुनाई करने वाला-4
13. कटि, मध्यांग-3
16. धार्मिक आज्ञा-3
18. पितामह-2
20. कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21. चलने का ढ़ंग-2
23. पिया, साजन-3
24. दया, रहम-3
26. बेमिसाल, अनूठा-4
27. स्वदेश, मातृभूमि-3
28. जनता, आम लोग -2
30. मैं का बहुवचन-2
31. अभिरुचि, तल्लीनता-3
32. जनता की राय-4
34. उपाधि, पदवी-4
35. देहरी, चौखट-4
38. कक्ष, रूम-3
40. बटाणा, काबुली-3
42. स्तर, परत-2
44. ईश्वर, खुदा, भगवान-2

शब्द पहेली- 6401 का हल

	म	ल	म	ल			र	ह	न
चा	य		हा		जा	सू	स		शा	म
दु			रा	श	न		म			न
का	र	गु	जा	री		का		दु	का	न
र		ना		फ	न	का	र		फि	
	चा	ह						भ	ला	
	ह		अ	च	क	न		वं		अ
क	त	रा		र्म		क	म	र	बं	द
म			ब		ला	ल	च			र
र	न		ल	की	र		ल		आ	क
	म	ज	मा			अ	ना	या	स	



दीपावली के पहले ही मंदिरों-भवनों को सजाया

देश के नामी मंदिर और प्रसिद्ध स्थान जगमगाए

दीपावली का पर्व पूरे देश में श्रद्धा, उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाता है। हिंदू सनातन परंपरा में इस दिन धन, वैभव और समृद्धि की देवी माता लक्ष्मी की पूजा का विशेष विधान है। देशभर में माता लक्ष्मी के पूजन की परंपरा सदियों पुरानी है।

एजेंसी ▶▶ रुद्र प्रयाग

दीपावली के पावन अवसर पर उत्तराखंड स्थित विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के मंदिर परिसर और गर्भगृह को करीब 18 से 20 क्विंटल रंग-बिरंगे फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर को गेंदे और अन्य आकर्षक फूलों से सजाया गया है,और मंदिर के प्रवेश द्वार पर फूलों से 'जय श्री केदार' लिखा गया है। बाबा केदार के कपाट शीतकाल के लिए 11 नवंबर को विधिविधान के साथ बंद किए जाएंगे। दिल्ली के बुराड़ी (हिरण की रोड) क्षेत्र में श्री केदारनाथ धाम दिल्ली ट्रस्ट द्वारा केदारनाथ मंदिर का निर्माण प्रस्तावित/कार्यरत है, जिसकी प्रतिकृति तैयार की जा रही है।



केदारनाथ मंदिर को 20 क्विंटल रंग-बिरंगे फूलों से सजाया।


झुंझुनूं। फूलों से सजे खेतड़ी के प्रसिद्ध मंदिर,सतरंगी रोशनी से जगमग हुए देवस्थान विभाग ने करवाई सजावट।

सलाखों के पीछे उम्मीदों की रोशनी

हाई सिक्योरिटी जेल में सीमित साधनों में बंदियों ने की बेहद सुंदर सजावट

अजमेर। अंधेरी तो देहरी पर है मगर उम्मीदों के दीये रोशन हैं, जिनके जीवन में सलाखों के पीछे अंधेरा है, वे भी रोशनी के सपने देखना नहीं भूले हैं। हाई सिक्योरिटी जेल, घूघरा, अजमेर में दीपावली के अवसर पर बंदियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा से बड़ा संदेश दिया है। बंदियों ने सीमित संसाधनों के बीच कल्पनाशक्ति और हुनर से दीपावली की आकर्षक सजावट तैयार की है।



आप सभी को नगरपालिका कनीना की तरफ से
दीपावली व गौवर्धन
के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।
स्वच्छता के लिए शहरवासियों से अनुरोध
1. गीला व सूखा कूड़ा अलग -2 डस्टबीन में डाले । गीला कचरा हरे डस्टबीन में व सूखा कचरा नीले डस्टबीन में ही डाले ।
2. जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत सभी अपने-2 घरों में जल संचय करे व जल का प्रयोग आवश्यकता अनुसार ही करें।
3. खुले में शौच का प्रयोग ना करे। शौचालय का ही प्रयोग करे ।
4. डोर टु डोर कूड़ा उठाने के लिए शहर में टैम्पों लगाए गए है कूड़ा टैम्पों में डाले या कूड़ेदान में ही डाले। घर के बाहर कूड़ा ना फेकें ।
5. दुकानदारों से अपील की जाती है कि दुकानों के बाहर अवैध रूप से सामान न रखे व अपने शहर को स्वच्छ व सुंदर रखने में नगरपालिका का सहयोग करे।
6. अपनी दुकानों व घरों में पोलिथीन का इस्तेमाल ना करे।
रणबीर सिंह नगरपालिका आयुक्त
श्रीमति रिम्पी लौढा प्रधान नपा कनीना
ललित गोयल सचिव नपा कनीना
दिनेश कुमार एमई नपा कनीना
मनोज कुमार लेखाकार नपा कनीना
राकेश कुमार जेई नपा कनीना

सोनिया को भाजपा ने दी नसीहत, कई मामलों का जिक्र किया

इटैलियन चश्मा उतारकर देखिए भारत की तरक्की, 12 सालों में देश कहां पहुंच गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के मोदी सरकार पर लोकतंत्र और संस्थाओं को नुकसान पहुंचाने के आरोपों के बाद भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने पलटवार किया है। भाजपा ने उन्हें पिछले 12 वर्षों में देश की तरक्की देखने की नसीहत दी। साथ ही पार्टी ने सोनिया के इमरजेंसी को सांविधानिक बताने वाले बयान पर भी सवाल उठाए। साथ ही बटला हाउस मुठभेड़, 1984 के सिख विरोधी दंगों और बोफोर्स मामले का जिक्र कर कांग्रेस को घेरा। सोनिया ने अपनी आने वाली किताब 'बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव' के विमोचन से पहले एक अखबार को साक्षात्कार दिया था। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में देश के लोकतंत्र, संस्थाओं और सामाजिक ताने-बाने को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत की व्यवस्था को गहरा नुकसान हुआ है। यहां तक कि मोदी सरकार के जाने के बाद भी देश की संस्थाओं और व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने में समय लगेगा।



विदेश टूलकिट बनकर देश में अराजकता फैला रहे

नवीन ने राहुल पर देश में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी इस देश को अस्थिर करने के लिए, अराजकता पैदा करने के लिए, एक टूलकिट की तरह इस्तेमाल हो रहे हैं। रिजीम चेंज को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंत्री कहते हैं कि राहुल गांधी के पास रिमोट बटन है। जब वो चाहेंगे तो 40 लाख लोग इस देश में अराजकता फैलाने के लिए तैयार खड़े हैं।

चुघ ने भी सोनिया पर किया पलटवार

देखिए, देश में आस्था की लहर दिखाई देगी



सोनिया के बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। पार्टी के वरिष्ठ नेता तरुण चुघ ने कहा कि सोनिया गांधी को 'इटैलियन चश्मा' उतारकर भारत की तरक्की देखनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि पिछले 12 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है और भारत वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है। चुघ ने कहा कि अगर आप अपना इटैलियन चश्मा उतार देंगी तो आपको भारत की असली तस्वीर दिखाई देगी। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और 7.8 प्रतिशत की जीडीपी विकास दर के साथ आगे बढ़ता भारत नजर आएगा। देशभर में आस्था की नई लहर दिखाई दे रही है, लेकिन सोनिया इसे पचा नहीं पा रही हैं।

केंद्र सरकार ने ज्यादा इथेनॉल मिलावट के दावे को किया खारिज

नई दिल्ली। केंद्र ने कर्नाटक के कुछ पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल में तय सीमा से ज्यादा इथेनॉल मिलाने के दावों को खारिज कर दिया। केंद्र ने राज्य की जांच पर सवाल उठाए और कहा कि देशव्यापी गुणवत्ता निगरानी के तहत राज्य में जांचे गए सभी 56 सैंपल तय ई20 मानकों पर खरे हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि 3 सरकारी तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड , भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने स्पष्ट किया है 26-31 % इथेनॉल मिलावट के दावे तय गलत हैं। वैधानिक और तकनीकी प्रक्रियाओं के तहत किए गए परीक्षणों से साबित नहीं होते। मंत्रालय ने कहा कि देशभर में कर्नाटक सहित इन तीनों कंपनियों द्वारा आपूर्ति किया जाने वाला ई20 पेट्रोल आईएस 17021 के अनुरूप है, जो इथेनॉल-मिश्रित मोटर गैसोलीन के लिए भारतीय मानक ब्यूरो का मानक है।कंपनियों ने सैंपलिंग प्रक्रिया और जांच पद्धति पर चिंता जताई है। मंत्रालय के अनुसार यह एक उचित प्रक्रिया के तहत जारी किया है।

कोच्चि में सीजेपी का प्रदर्शन

कोच्चि। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शनिवार को केरल के कोच्चि में चुनाव आयोग की एसआईआर के खिलाफ एक बड़े विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इस आंदोलन को 'जंतर-मंतर एट कोच्चि' नाम दिया गया है। शनिवार शाम 4 बजे कोच्चि के राजेंद्र मैदान (मरीन ड्राइव) से विरोध मार्च शुरू हुआ। सीजेपी एसआईआर को तुरंत वापस लेने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग कर रही है, ताकि देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था स्थापित हो सके। दीपके के साथ अभिनेता और सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश राज भी प्रदर्शन में शामिल हुए। दीपके ने कहा कि यह आम जनता का प्रदर्शन है। उन्होंने सीईसी पर निशाना साधा और सोशल मीडिया में लिखा कि यह तब तक खत्म नहीं होगा, जब तक हम न कहें कि यह खत्म हो गया है।



विद्युत उत्पादन के साथ-साथ, पर्यावरण संरक्षण एवं नैगम सामाजिक दायित्व के प्रति वचनबद्ध
पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण हेतु एंटी-स्मॉग मशीनों का वितरण
निःशुल्क सहायक उपकरणों का वितरण
निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर
नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण अभियान
दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण
इंदिरा गांधी सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, झाड़ली झज्जर (हरियाणा)

ONE MORE CHANCE
HARYANA SIR 2026
CHIEF ELECTORAL OFFICER, HARYANA
Your name missing from the Draft Electoral Roll?
If you were marked Absent, Shifted, Dead or Duplicate (ASDD), you can still get your name included in the Final Electoral Roll.
1 Check the list
ASDD lists shall be displayed afresh at Polling Stations, Panchayat Bhawans, ULB & BDO offices and on the CEO Haryana website.
2 Get your form
Your BLO will deliver your enumeration form either physically or by WhatsApp / SMS / e-mail. Or you can download and fill it on the website or the ECINET App by entering the same EPIC number that existed before your name was deleted.
3 Submit to your ERO / AERO / BLO
AT SAME ADDRESS
Enumeration Form + Annexure-B
Mention reason why you couldn't submit enumeration form earlier. Submit yourself, through family, or online on ECINET with e-sign.
SHIFTED WITHIN HARYANA
Enumeration Form + Annexure-C
Submit to the ERO / AERO of the Assembly Constituency where you have shifted. No Form-8 needed.
ALREADY SUBMITTED FORM-6
No need to apply again
Your Form-6 submitted during SIR will be processed.
✓ Same EPIC number that was assigned to you prior to SIR shall be re-assigned once your enumeration form is accepted.
⌂ Homeless? The BLO's field verification will be accepted as residence proof.
NEED HELP?
Voter Helpline 1950 • "Book a call with BLO" on ECINET App
Website ceoharyana.gov.in Facebook /ceoharyana Instagram @ceo.haryana
X @ceoharyana YouTube @ceo.haryana

चाहे इस्तेमाल का हो इरादा
या निवेश का हो वादा...
सोना और चांदी*
ख़रीदते समय हॉलमार्क देखना न भूलें!

CBC 08103/13/0006/2627
चांदी हॉलमार्क के 3 चिह्न
SILVER — भारतीय मानक ब्यूरो का मानक चिह्न 'SILVER' शब्द के साथ
990 — शुद्धता ग्रेड
AAAAAA — 6 अंकों का यूनिक अल्फान्यूमेरिक कोड (HUID)
स्वर्ण हॉलमार्क के 3 चिह्न
भारतीय मानक ब्यूरो का मानक चिन्ह
22K916 — सोने की शुद्धता कैरट और फाइननेस में
AAAAAA — 6 अंकों का यूनिक अल्फान्यूमेरिक कोड (HUID)
*चांदी पर हॉलमार्किंग स्वैच्छिक है
भारतीय मानक ब्यूरो
भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय
अपने हॉलमार्क युक्त सोने और चांदी के आभूषणों की प्रामाणिकता जांचने या शिकायत दर्ज करने के लिए बीआईएस केयर ऐप डाउनलोड करें।
हमें फॉलो करें @Indianstandards
बीआईएस केयर ऐप
डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें
Google Play App Store

आडवाणी : एक शताब्दी की ओर बढ़ती प्रेरणादायी यात्रा



व्यक्तित्व
नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

आज लालकृष्ण आडवाणी जी अपने जीवन के सौवें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। ये सुखद संयोग है कि आज ही दीपावली का पावन पर्व भी है। प्रभु श्रीराम और दीपों के इस उत्सव के साथ आडवाणी जी के जीवन का इतना महत्वपूर्ण पड़ाव जुड़ना, इस अवसर को और भी यादगार बनाता है। इस संयोग को एक और बात विशेष बनाती है। इसी वर्ष हम जनसंघ की स्थापना के 75 वर्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती भी मना रहे हैं। मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे हमेशा आडवाणी का स्नेह, सान्निध्य और मार्गदर्शन मिलता रहा है। आज उनके साथ बिताए हुए अनगिनत पल, उनसे जुड़ी कितनी ही स्मृतियां मन में उमड़ रही हैं। मैं ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना करता हूं।

आज 8 नवंबर को लालकृष्ण आडवाणी जी अपने जीवन के सौवें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। ये कितना सुखद संयोग है कि आज ही दीपावली का पावन पर्व भी है। प्रभु श्रीराम और दीपों के इस उत्सव के साथ आडवाणी जी के जीवन का इतना महत्वपूर्ण पड़ाव जुड़ना, इस अवसर को और भी यादगार बनाता है। इस संयोग को एक और बात विशेष बनाती है। इसी वर्ष हम जनसंघ की स्थापना के 75 वर्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती भी मना रहे हैं।

आज का ये अवसर मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत भावुक कर देने वाला है। मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे हमेशा आडवाणी का स्नेह, सान्निध्य और मार्गदर्शन मिलता रहा है। आज उनके साथ बिताए हुए अनगिनत पल, उनसे जुड़ी कितनी ही स्मृतियां मन में उमड़ रही हैं। सार्वजनिक जीवन में काम करते हुए कई दशक पहले मुझे उनके संपर्क में आने का अवसर मिला था। धीरे-धीरे हमारा ये संबंध इतना आत्मीय हो गया कि वे मेरे लिए अभिभावक की तरह बन गए। उन्होंने मेरा हाथ थामकर मुझे राजनीति की बारीकियां सिखाईं, कदम-कदम पर मेरा मार्गदर्शन किया। जीवन में जब भी कोई कठिन परिस्थिति आई, उनका अनुभव और उनकी सीख मेरे लिए संबल बने। उनकी वैचारिक स्पष्टता, उनका आत्मविश्वास और अपने सिद्धांतों के प्रति उनकी अटूट निष्ठा ने मुझे हमेशा प्रेरित किया। आज भी जब मैं उनसे मिलने जाता हूं, तो उनके साथ बिताया हुआ समय मुझे नई ऊर्जा और नई प्रेरणा से भर देता है। आज इस अवसर पर आडवाणी जी के लिए मन में एक ही भाव उमड़ रहा है..."जीवेत शरदः शतं, पश्येम शरदः शतं, शृणुयाम शरदः शतं।" ऐसे व्यक्तित्व बहुत कम हैं, जिनके जीवन में आधुनिक भारत के इतिहास के इतने सारे अध्याय समाए हों। आडवाणी का जन्म 8 नवंबर, 1927 को देव दीपावली के दिन हुआ था। 1947 में उन्हें विभाजन की पीड़ा सहनी पड़ी। सिंध में अपना घर, अपना परिवेश, अपनी जानी-पहचानी दुनिया छोड़कर उन्हें आना पड़ा। सब कुछ पीछे छूट गया और जीवन की नई शुरुआत शून्य से करनी पड़ी।





जनसंघ को मजबूत बनाया

इस कठिन अनुभव को लेकर उनके मन में कभी कोई कड़वाहट या पछतावा नहीं रहा। कितनी भी कठिन परिस्थितियां क्यों न हों, नए सिरे से कुछ खड़ा करने का उनका ये संकल्प जीवनभर उनके साथ रहा। जनसंघ को मजबूत बनाने और बाद में भारतीय जनता पार्टी के निर्माण में भी उनका यही गुण सामने आया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल में देश की राजनीति ने बड़े बदलाव देखे। 1989 में कांग्रेस की सीटें 400 से घटकर 200 से भी नीचे आ गईं। 1996 में भाजपा पहली बार देश की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। आडवाणी ने कार्यकर्ताओं की अनेक पीढ़ियों को तैयार किया। उन्होंने राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर पार्टी की मजबूत नींव रखी। यहां मैं उनके व्यक्तित्व की दो ऐसी विशेषताओं का उल्लेख करना चाहूंगा, जो एक नेता के रूप में उन्हें अलग पहचान देती हैं। पहली है, उनकी वैचारिक स्पष्टता और बौद्धिक प्रखरता। उनके भाषणों और लेखन में इसकी झलक साफ दिखाई देती थी। जनसंघ और भाजपा के लिए उन्होंने जो प्रस्ताव लिखे, वे आज भी पढ़ने और समझने योग्य हैं। उनके इंटरव्यू में भी विचारों की गहराई के साथ शब्दों की स्पष्टता और सटीकता दिखाई देती थी। दूसरी विशेषता थी, भारतीय राजनीति में लंबे समय तक हावी रही छद्म धर्मनिरपेक्षता को लेकर उनका स्पष्ट और निर्भीक रुख। उन्होंने देश के राजनीतिक विमर्श में इस प्रवृत्ति की वास्तविकता को उजागर किया। आडवाणी जी को जो भी जिम्मेदारी मिली, उन्होंने उसे पूरी निष्ठा और लगन से निभाया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में उन्होंने सबसे पहले राजस्थान के अलग-अलग क्षेत्रों में काम किया। इसके बाद वे दिल्ली आए, जहां उन्हें अटल जी के साथ मिलकर काम करने का अवसर मिला। दोनों ने दशकों तक कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। आडवाणी जी के लिए अटल जी हमेशा उनके नेता और मार्गदर्शक रहे। राजनीति के इतिहास में ऐसे उदाहरण बहुत कम मिलते हैं, जब दो बड़े कद के नेता इतने लंबे समय तक एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हों। अक्सर समय के साथ राजनीतिक परिस्थितियां बदलती हैं, महत्वाकांक्षाएं टकराती हैं। साथ चलने वाले नेता भी अलग-अलग रास्तों पर निकल जाते हैं, लेकिन अटल जी और आडवाणी जी का साथ अपने आप में एक अनूठी मिसाल है।

अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की शपथ

आडवाणी जी ने इस रथयात्रा में जिस जीवटता और संकल्प शक्ति का परिचय दिया, वो अपने आप में प्रेरणादायी है। इस यात्रा से जुड़ा एक प्रसंग आज भी मेरी स्मृतियों में ताजा है। बिहार में आडवाणी जी की गिरफ्तारी हम सभी के लिए बहुत दुखद क्षण था। उस समय गुजरात में भाजपा ने चिमनभाई पटेल की सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। इसके पीछे संदेश बिल्कुल स्पष्ट था...अपनी विचारधारा और राम मंदिर के निर्माण के संकल्प पर कोई समझौता नहीं होगा। हमारे अनेक वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शपथ ली कि चाहे कितनी भी बाधाएं आएं, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होकर ही रहेगा। और फिर वर्षों बाद वो ऐतिहासिक अवसर भी आया, जब जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर का सपना साकार हुआ। आडवाणी जी के व्यक्तित्व के ऐसे अनेक पहलू हैं, जो उन्हें और भी विशिष्ट बनाते हैं। उनकी सादगी और सरलता भी ऐसी ही एक विशेषता है। नवनिर्माण आंदोलन के बाद आडवाणी जी जूनागढ़ आए थे। वहां वे एक सामान्य कार्यकर्ता की तरह पूरे एक महीने तक रहे और विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी को तैयार करने में जुटे रहे। इन चुनावों में जनता ने इंदिरा गांधी की कांग्रेस को नकार दिया था। आडवाणी जी ने अपने आचरण से हमेशा सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और शुचिता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्हें पढ़ने का बहुत शौक है। जो लोग उनके साथ रहे हैं, वे जानते हैं कि वे अखबारों को भी कितने ध्यान से और कितनी बारीकी से पढ़ते रहे हैं। सिनेमा और रंगमंच से भी उनका गहरा लगाव रहा है। वर्षों तक वे बड़े उत्साह से फिल्मों की समीक्षा भी करते रहे हैं।

2024 में 'भारत रत्न' से सम्मानित

इतिहास के प्रति उनकी गहरी समझ और उसे सहेजकर रखने की उनकी भावना भी उल्लेखनीय है। उनकी पुस्तक '**My Country My Life**' में इसकी सुंदर झलक मिलती है। आडवाणी जी का अपनी सिंधी संस्कृति से हमेशा गहरा जुड़ाव रहा है। लेह के पास सिंधु दर्शन पूजा को लोकप्रिय बनाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुझे स्वयं भी एक बार आडवाणी जी और जॉर्ज फर्नांडिस जी के साथ सिंधु दर्शन पूजा में शामिल होने का सौभाग्य मिला था। आडवाणी जी की इस असाधारण जीवन यात्रा की बात हो और कमला आडवाणी जी का उल्लेख न हो, तो ये यात्रा अधूरी रह जाएगी। इतने लंबे सार्वजनिक जीवन में कमला जी हमेशा उनकी शक्ति और संबल बनी रहीं। हर कदम पर उनका साथ दिया। कराची में पले-बढ़े आडवाणी जी ने शायद ही कभी कल्पना की होगी कि जीवन उन्हें कितनी लंबी और असाधारण यात्रा पर ले जाएगा। देश के प्रति उनके योगदान के लिए कृतज्ञ राष्ट्र ने वर्ष 2024 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। आज जब आडवाणी जी अपने जीवन के सौवें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, तो मैं ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना करता हूं।





सोमनाथ से अयोध्या की रथयात्रा

आपातकाल आडवाणी जी के जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ था। उस दौर में वे लोकतंत्र को बचाने और संविधान की रक्षा के संघर्ष में अग्रिम पंक्ति में खड़े रहे। इसमें उन्होंने जून 1975 से भारत में शुरू हुई घटनाओं और 1933 में हिटलर के शासन के दौरान जर्मनी में हुई घटनाओं के बीच आश्चर्यजनक समानताओं का बहुत प्रभावी ढंग से वर्णन किया है। आडवाणी जी विपक्ष में जितने प्रखर नेता रहे, प्रशासन में भी उतने ही कुशल साबित हुए। 1977 में जब जनता सरकार बनी, तो उन्हें सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली। इस मंत्रालय में उनके कार्यकाल को आज भी विशेष रूप से प्रभावशाली माना जाता है। बाद में उप प्रधानमंत्री और देश में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले गृह मंत्रियों में से एक के रूप में उन्होंने भारत की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमारे सुरक्षा बलों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने जो प्रयास किए, उन्हें आज भी बड़े आदर और आत्मीयता से याद किया जाता है। आतंकवाद के खिलाफ उनका रुख हमेशा स्पष्ट और दृढ़ रहा। उनके इसी संकल्प के कारण देश को आतंकवाद से निपटने के लिए एक सख्त कानून मिला। सोमनाथ से अयोध्या तक की रथयात्रा आडवाणी जी के जीवन का एक ऐतिहासिक अध्याय है। मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे इस ऐतिहासिक यात्रा से जुड़ने का अवसर मिला। यात्रा की परिकल्पना से लेकर उसकी तैयारियों और फिर उसे आगे बढ़ाने तक, मुझे हर चरण में योगदान देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रथयात्रा के शुभारंभ के समय सोमनाथ में उपस्थित रहना भी मेरे लिए एक अविस्मरणीय अनुभव था।

गुजरात से पुराना नाता रहा

इतिहास साक्षी है, पांच-छह दशकों की इस लंबी यात्रा में दोनों एक-दूसरे के सहयोगी बने रहे। भारतीय राजनीति में आपसी विश्वास, सहयोग और समर्पण की ये परंपरा आज भी एक बड़ी प्रेरणा है। आडवाणी जी जब दिल्ली आए थे, तब ये शहर विभाजन की विभीषिका से उबरने का प्रयास कर रहा था। ऐसे समय में उन्होंने जनसंघ को मजबूत बनाने के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया। 1967 में वे दिल्ली महानगर परिषद के अध्यक्ष बने। एक सांसद के रूप में आडवाणी की यात्रा 1970 के दशक से शुरू हुई। एक सांसद के रूप में, दोनों सदनों में विपक्ष के नेता के रूप में और सत्ता पक्ष में रहते हुए भी उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। संसदीय जिम्मेदारियों में व्यस्त रहने के बावजूद वे लगातार देश के अलग-अलग हिस्सों में जाते रहे, लोगों से मिलते रहे और उनसे संवाद करते रहे। 1991 के लोकसभा चुनाव की स्मृतियां आज भी मेरे मन में ताजा हैं। उस समय तय हुआ था कि आडवाणी जी दो लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ेंगे। इनमें से एक सीट गांधीनगर की थी। आडवाणी जी का गुजरात से बहुत पुराना नाता रहा है। विभाजन के बाद उनके पिताजी कच्छ में आकर बसे थे। 1976 में, जब देश में आपातकाल अपने चरम पर था, तब आडवाणी जी गुजरात से राज्यसभा सांसद भी बने थे। इस तरह 1991 में गांधीनगर से चुनाव लड़ना उनके लिए एक तरह से घर वापसी जैसा था। उस समय मैं भाजपा के संगठन में काम कर रहा था। मुझे आडवाणी जी के नामांकन पत्र तैयार करने से लेकर पूरे चुनाव अभियान में उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला।

अमेरिका के प्रति संतुलित रुख रखे भारत



मंथन
उमेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह पहला मौका नहीं है कि जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति की पार्टी को मध्यावधि चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा हो। अमेरिकी इतिहास में 1934 से अब तक सिर्फ तीन ऐसे मौके आए हैं, जब मध्यावधि चुनावों में अमेरिकी राष्ट्रपति की पार्टी को जीत मिली। ट्रंप को अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी मध्यावधि चुनाव में हार मिली थी। यह बात और है कि तब हार इतनी बड़ी नहीं थी।

लोकतांत्रिक समाज में हर चुनावी नतीजे का असर होता है। अगर नतीजे व्यापक हों तो उसका असर भी उतना ही व्यापक होता है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि अमेरिका के इन चुनाव नतीजों का असर सिर्फ अमेरिका ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ेगा, जिसमें अपना देश भी शामिल है। चूंकि अमेरिकी संसद, कांग्रेस के दोनों सदनों हाउस ऑफ रिप्रजेंटिव और सीनेट में अब विपक्षी डेमोक्रेट का बहुमत हो गया है, इसलिए ट्रंप को अपनी नीतियों को लागू करना आसान नहीं होगा। डेमोक्रेट सांसद उनके प्रस्तावों को रोक सकते हैं या उनमें सुधार प्रस्तावित कर सकते हैं। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति के पास वीटो का ताकतवर हथियार है, जिसका वह इस्तेमाल करता रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप की जैसी फितरत है, उसकी वजह से कह सकते हैं कि वे अपनी इस शक्ति का इस्तेमाल करने से नहीं रुकेंगे। अमेरिकी लोकतंत्र की एक खासियत है कि वहां की नीतियां जनमत के पैरामीटर के साथ गिरती और उठती रही हैं। अमेरिकी संविधान के अनुसार वहां का नागरिक इतना महत्वपूर्ण है कि उसकी सामूहिक राय से अमेरिकी राष्ट्रपति और उसकी नीतियां प्रभावित हुए बिना नहीं रहतीं। इसके बावजूद याद रखा जाना चाहिए कि ट्रंप अलग ही तरह की शख्सियत हैं। वे कब क्या बोल दें और कब अपनी ही कही हुई बात से पलट जाएं, कहना मुश्किल है। उन पर भरोसा करना मुश्किल है। जिस रूस से तेल खरीदने के लिए वे भारत पर टैरिफ लाद रहे थे, उसी रूस से खुद उन्होंने ही तेल खरीदना शुरू कर दिया। इसलिए मौजूदा मध्यावधि चुनाव नतीजों के बाद भारत को न तो ज्यादा उत्साहित होने की बात है और न ही ज्यादा निराश होने की। भारत को पहले की ही तरह संतुलित रुख अख्तियार किए रखना होगा। भारतीय नेतृत्व और कूटनीति के लिए अच्छी बात यह है कि उनका अमेरिका की दोनों प्रमुख पार्टियों रिपब्लिकन और डेमोक्रेट-से बेहतर संबंध रहा है। इसलिए रिपब्लिकन ट्रंप और डेमोक्रेट सांसदों के बीच भारत को संतुलन बनाए रखना होगा। अव्यवस्थित चित्त वाले ट्रंप और सधी हुई राजनीति करने वाले डेमोक्रेट सांसदों से भरी अमेरिकी संसद से भारत को संतुलित संबंध बनाए रखना होगा। फिर भी मोटे तौर पर कहा जा सकता है कि अमेरिकी चुनाव के मौजूदा नतीजे भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इन परिणामों का भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात के साथ ही वहां काम कर रहे भारतीय पेशेवरों के भविष्य पर असर पड़ेगा। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच जारी रक्षा और सामरिक सहयोग पर भी प्रभाव दिख सकता है। चूंकि अमेरिका आज के दौर में भारतीय उत्पादो का बड़ा बाजार है, इसलिए अमेरिकी टैरिफ नीति में छोटे से छोटे परिवर्तन का असर सीधे तौर पर भारतीय निर्यातकों पर पड़ता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता अभी तक परवान नहीं चढ़ पाया है। पिछले महीने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अपनी भारत यात्रा के दौरान कहा था कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता अपने आखिरी दौर में है। इन चुनाव नतीजों से उम्मीद की जा रही है कि अमेरिका में रह रहे और वहां जाने की इच्छा रखने वाले भारतीय पेशेवरों को थोड़ी आसानी होगी। चूंकि ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका आने वाले लोगों की वीजा नीति और वर्क परमिट में खासा बदलाव किया है। अब हो सकता है कि डेमोक्रेट बहुमत वाली अमेरिकी संसद इस प्रस्ताव में कुछ छूट सुझाए। पूरी दुनिया में महंगाई की वजह ट्रंप प्रशासन द्वारा ईरान पर किया गया हमला और उससे उपजी परिस्थितियां रही हैं। अब संसद पर ट्रंप की पकड़ कमजोर हुई है, लिहाजा अब ज्यादा दिन तक ईरान युद्ध नहीं चल सकता। इससे जहां कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ सकता है, वहीं वैश्विक रक्षा खर्च भी कम हो सकता है। चूंकि भारत अपनी ईंधन जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए तेल की कीमतें घटने से घरेलू अर्थव्यवस्था को बड़ी राहत मिलेगी।



अमेरिकी संविधान के अनुसार वहां का नागरिक इतना महत्वपूर्ण है कि उसकी सामूहिक राय से अमेरिकी राष्ट्रपति और उसकी नीतियां प्रभावित हुए बिना नहीं रहतीं। इसके बावजूद याद रखा जाना चाहिए कि ट्रंप अलग ही तरह की शख्सियत हैं। वे कब क्या बोल दें और कब अपनी ही कही हुई बात से पलट जाएं, कहना मुश्किल है।

भारतवंशियों की बड़ी जीत के मायने



अमेरिकी संसद
विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका के 2026 के मध्यावधि चुनावों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राजनीति और अमेरिकी समाज की बदलती सोच को लेकर कई अहम सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं, छह भारतवंशी उम्मीदवारों के अमेरिकी संसद में पहुंचने की खबर ने भारतीय मूल के समुदाय की बढ़ती राजनीतिक ताकत को फिर चर्चा के केंद्र में ला दिया है। चुनाव परिणामों में डेमोक्रेटिक पार्टी की बड़ी सफलता के साथ मिशिगन से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार अब्दुल अल-सईद अमेरिकी सीनेट के लिए चुने जाने वाले पहले मुस्लिम बन गए हैं। अमेरिकी संसद में आधा दर्जन भारतवंशी नेताओं का पहुंचना भी इस चुनाव का महत्वपूर्ण पहलू है। इनमें चार पुराने सांसदों ने अपनी सीट बरकरार रखी, जबकि दो नए चेहरों ने अमेरिकी राजनीति में जगह बनाई।

इन छह नेताओं में अमी बेरा, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल, सुहास सुब्रमण्यम, पिया दांडिया और अमीश शाह शामिल हैं। ये सभी डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े हैं। अमी बेरा कैलिफोर्निया से आठवीं बार प्रतिनिधि सभा के लिए चुने गए हैं। रो खन्ना सिलिकॉन वैली वाले कैलिफोर्निया के 17वें संसदीय क्षेत्र से फिर जीते हैं। प्रमिला जयपाल ने वाशिंगटन राज्य से अपनी सीट बरकरार रखी है। वह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में पहुंचने वाली पहली दक्षिण एशियाई मूल की महिला हैं। सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया से अपनी सीट बचाई, जबकि पिया दांडिया ने फ्लोरिडा के 22वें संसदीय क्षेत्र से जीतकर पहली बार अमेरिकी संसद में प्रवेश किया। अमीश शाह की जीत ने भी भारतवंशी प्रतिनिधित्व को मजबूती दी। इनकी सफलता का अर्थ केवल इतना नहीं है कि भारतीय मूल के लोगों की संख्या अमेरिकी राजनीति में बढ़ रही है। इसका एक बड़ा अर्थ यह है कि अप्रवासी परिवारों की नई पीढ़ी अब अमेरिकी राजनीति में केवल मतदाता या आर्थिक योगदानकर्ता बनकर नहीं रहना चाहती, बल्कि नीतियां बनाने और सत्ता के केंद्र में अपनी भूमिका भी सुनिश्चित कर रही है। भारतीय मूल के इन नेताओं की प्राथमिकताएं भी अलग-अलग हैं। कोई स्वास्थ्य सेवाओं और आर्थिक असमानता पर जोर देता है तो कोई अप्रवासन सुधार, शिक्षा, तकनीक और नागरिक अधिकारों को प्रमुखता देता है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भारतीय मूल का समुदाय राजनीतिक रूप से एक जैसा नहीं है। उसके भीतर विचारों और प्राथमिकताओं की विविधता है। 2026 के चुनावों में मुस्लिम और भारतवंशी उम्मीदवारों की सफलताएं इस स्थिति में बदलाव का संकेत देती हैं। अब अप्रवासी पृष्ठभूमि के लोग अमेरिकी राजनीति के शीर्ष संस्थानों में पहुंच रहे हैं। वे केवल अपने समुदायों की आवाज नहीं उठा रहे, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, विदेश नीति और सामाजिक न्याय जैसे व्यापक मुद्दों पर भी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। यहां मुस्लिम और भारतीय मूल के नेताओं की जीत को ट्रंप की नीतियों के खिलाफ जनमत संग्रह मान लेना सही नहीं होगा। बेशक, इस चुनाव की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में अब्दुल अल-सईद की जीत है। मिशिगन से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार अल-सईद ने रिपब्लिकन प्रत्याशी माइक रोजर्स को हराकर इतिहास रचा। वह अमेरिकी सीनेट के लिए चुने जाने वाले पहले मुस्लिम हैं। इस बीच, एक सवाल यह भी है कि क्या अप्रवासियों के खिलाफ ट्रंप की सख्त नीतियों और राजनीतिक बयानों ने अमेरिकी मतदाताओं के एक वर्ग को उनसे दूर किया है? क्या इन नतीजों को अमेरिका के बहुसांस्कृतिक समाज की बदलती राजनीतिक प्राथमिकताओं के रूप में देखा जाना चाहिए? डोनाल्ड ट्रंप की राजनीति में अप्रवासन का मुद्दा हमेशा प्रमुख रहा है। लेकिन इस नीति का दूसरा पहलू भी है। 2026 के चुनाव में डेमोक्रेट्स की सफलता के पीछे केवल अप्रवासन का मुद्दा नहीं था। महंगाई, जीवनयापन की बढ़ती लागत, ईरान के साथ युद्ध, व्यापारिक तनाव और ट्रंप प्रशासन के कामकाज को लेकर असंतोष भी प्रमुख कारणों में शामिल रहे। अमेरिका के 2026 के चुनावों को केवल रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के बीच सत्ता की लड़ाई के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। इन नतीजों में अमेरिकी समाज की बदलती जनसांख्यिकी, अप्रवासी समुदायों की राजनीतिक भागीदारी और प्रतिनिधित्व की नई आकांक्षाएं भी दिखाई देती हैं।



अमेरिका के 2026 के चुनावों को केवल रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के बीच सत्ता की लड़ाई के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। इन नतीजों में अमेरिकी समाज की बदलती जनसांख्यिकी, अप्रवासी समुदायों की राजनीतिक भागीदारी और प्रतिनिधित्व की नई आकांक्षाएं भी दिखाई देती हैं।

डकवर्थ लुईस प्रणाली से भारत ने न्यूजीलैंड को 4 रन से हराया, सीरीज में 2-0 की बढ़त

बारिश में भी नहीं धुला भारत की जीत का रंग

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

सितारों से सजे भारतीय बल्लेबाजी क्रम की शुरुआती नाकामी के बाद केएल राहुल की संयमित पारी के दम पर भारत ने वर्षाबाधित दूसरे वनडे में शनिवार को न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 4 रन से हरा दिया। अब भारत 5 मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे है। तीसरा मैच मंगलवार को हैमिल्टन में खेला जाएगा। जीत के लिए 47 ओवर में 135 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 26 ओवर में 7 विकेट 113 रन पर गंवा दिए थे, जब बारिश शुरू हो गई। उस समय डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर भारत को 109 रन की जरुरत थी। भारत ने अपने तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से न्यूजीलैंड को 41 ओवर में 134 रन पर समेट दिया।

भारतीय गेंदबाजों ने फेंकी 176 डॉट गेंदें

आकिब नबी ने 7 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि अंशुल कम्बोज ने 8 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट चटकाए। वहीं बराड़ ने 10 ओवर में 30 रन देकर 4 विकेट लिए, जो उनके कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने शॉर्ट गेंदों का बखूबी इस्तेमाल करके मेजबान मध्यक्रम की कमर तोड़ दी। अर्शदीप सिंह ने 7 ओवर में 16 रन दिए लेकिन उन्हें विकेट नहीं मिली। उन्होंने हालांकि बेहद अनुशासित और सटीक गेंदबाजी करके दबाव बनाया। भारतीय गेंदबाजों ने 176 डॉट गेंदें फेंकी।

राहुल की संयमित पारी व तेज गेंदबाजों ने दिखाया दम



जीरो पर आउट हुए गिल

जवाब में कप्तान शुभमन गिल पहली ही गेंद पर जैकब डफी का शिकार हुए और खाता खोले बिना स्लिप में कैच दे बैठे। डफी ने विराट कोहली (7) को भी पवेलियन भेजा। रोहित शर्मा ने 28 गेंद में 23 रन बनाए लेकिन सीम का सामना करने में सहज नहीं दिखे। अक्षर पटेल (7) और श्रेयस अय्यर (30) शॉर्ट गेंदों पर विकेट गंवा बैठे। वहीं पहली 20 में से 18 डॉट गेंद खेलने वाले राहुल ने अपना संयम बनाए रखा और डफी को छक्का लगाकर टीम को सौ रन के पार पहुंचाया। राहुल ने 38 गेंद में 26 रन बनाए।

रोहित ने तोड़ा अफरीदी का वर्ल्ड रिकॉर्ड



रोहित शर्मा ने कीवी टीम के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 2 छक्के लगाए और वो वनडे में इस टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए और शाहिद अफरीदी का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया।

शाहिद अफरीदी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में कुल 50 छक्के अपने करियर के दौरान लगाए थे, लेकिन रोहित ने 51 छक्के लगाते हुए उन्हें पीछे छोड़ दिया और लिस्ट में टॉप पर पहुंच गए जबकि शाहिद अफरीदी अब दूसरे नंबर पर आ गए। इससे पहले गिल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का सही फैसला लिया। बारिश और मौसम को देखते हुए मैच प्रति टीम 47 ओवर का कर दिया गया था। नबी ने सबसे पहले टिम सीफर्ट (0) का विकेट लिया। मिडविकेट पर खड़े कम्बोज ने सामने की ओर डाइव लगाकर कैच पकड़ा और नबी को उनका पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट दिलाया। विल यंग ने 17 गेंद में 6 रन बनाए और वह जूझते ही नजर आए। आफ स्टम्प पर पड़ती गेंद पर बल्ला अड़ाकर वह विकेट के पीछे केएल राहुल को कैच देकर लौटे। हेनरी निकोल्स 26 गेंद में 11 रन बनाकर नौवें ओवर में कम्बोज की गेंद पर बोल्ड हुए।

पेरिस मास्टर्स

अल्काराज के वार से फ्रिट्ज का टूटा सपना

जोडार को मिला एटीपी फाइनल्स का टिकट



एजेंसी ▶▶| पेरिस

कार्लोस अल्काराज ने टेलर फ्रिट्ज को 6-7 (10), 7-5, 6-3 से हराकर पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। अल्काराज की जीत ने फ्रिट्ज की एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को खत्म कर दिया और इसके बजाय यह पक्का कर दिया कि उनके देश के राफेल जोडार साल के आखिर में होने वाले टूर्नामेंट के लिए आखिरी जगह पक्की कर लें।

कार्लोस ने फ्रिट्ज के खिलाफ की जबरदस्त वापसी

अल्काराज ने फ्रिट्ज के खिलाफ मैच में जबरदस्त वापसी करते हुए सीजन के अपने तीसरे एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंच गए। वह मैच में 36-7 (10) और 3-5 से पीछे थे और अपनी सर्व पर एक मैच पॉइंट का सामना कर रहे थे, इससे पहले कि उन्होंने एक शानदार पॉइंट जीतकर स्कोर 4-5 कर दिया। इसके बाद अल्काराज को अगले गेम में फ्रिट्ज की सर्व पर एक मैच पॉइंट बचाना पड़ा, इससे पहले कि वह उन्हें 5-5 से बराबर कर पाते। अल्काराज ने तब अपना गेम बेहतर किया जब यह सबसे ज्यादा जरूरी था, क्योंकि उन्होंने अगले दो गेम जीतकर डिसाइडर में चीजें अपने नाम कीं।

टेस्ट श्रृंखला से पहले फॉर्म में लौटे जायसवाल, जड़ा शतक



एजेंसी ▶▶| लिंकन

यशस्वी जायसवाल के लगातार दूसरे शतक से भारत ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ शनिवार को तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन 2 विकेट पर 227 रन बना लिए। जायसवाल ने 138 गेंद में 102 रन बनाकर 19 नवंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले फॉर्म में वापसी की।

बारिश के कारण 70वें ओवर में पहले दिन का खेल खत्म करना पड़ा। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर साइ सुदर्शन (205 गेंद में नाबाद 77 रन) और कप्तान ध्रुव जुरेल (नाबाद 12) क्रीज पर थे। टेस्ट श्रृंखला से पहले जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा और प्रसिद्ध कृष्णा भी यह मैच खेल रहे हैं।

जायसवाल ने लगाई चौकों की हैट्रिक

जायसवाल ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ए के किसी भी गेंदबाज को नहीं बख्शा। उन्होंने जेरोड मैकी को दो बार लगातार तीन चौके लगाए। न्यूजीलैंड ए ने जायसवाल का कैच उस समय छोड़ा था जब वह 54 रन पर थे। इसका खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा। जायसवाल ने आफ स्पिनर डीन फॉक्सक्राफ्ट की गेंद पर 44वें ओवर में स्वीप शॉट खेलकर अपना शतक पूरा किया। इसके कुछ देर बाद ही वह फर्न्स की गेंद पर मिडआफ में कैच देकर आउट हो गए। मैकी ने 63वें ओवर में देवदत्त पडिक्कल को रवाना किया।

अंडर-19 एशिया कप: पाक से हिसाब चुकता करने उतरेगा भारत रोमांचक मुकाबला आज

अल अमेरात। पिछली बार अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान से पराजय झेलने वाला भारत रविवार को होने वाले ग्रुप ए के महत्वपूर्ण मुकाबले में बदला चुकता करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगा। भारत ने अपने पहले मैच में नेपाल को 10 विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। उसने 128 रन के लक्ष्य को 19.1 ओवर में हासिल कर दिया था। वहीं, पाकिस्तान ने मेजबान यूएई के खिलाफ 37.3 ओवरों में 225 रन के लक्ष्य को हासिल करते हुए 9 विकेट से जीत दर्ज की थी। यह मैच ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने वाली टीम के निर्धारण को देखते हुए महत्वपूर्ण है। इसमें जीत हासिल करने वाली टीम के ग्रुप में शीर्ष पर रहने की संभावना बढ़ जाएगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। दोनों टीम ने अपने अभियान का शानदार आगाज किया है और ऐसे में रविवार को होने वाला मैच काफी रोमांचक होने की संभावना है।



चेन्नई ओपन : वैष्णवी रुतुजा ने रचा इतिहास

चेन्नई। वैष्णवी अडकर और रुतुजा भोसले ने डब्ल्यूटीए टूर स्तर के किसी टूर्नामेंट के युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रोमांचक सेमीफाइनल में पोलैंड की वेरोनिका फाल्कोव्स्का और अमेरिका की अलाना स्मिथ की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-2 2-6 10-8 से हराया। भारतीय जोड़ी पहला सेट आसानी से जीतने के बाद दूसरे सेट में लड़खड़ा गई लेकिन उन्होंने निर्णायक सुपर टाई-ब्रेक में संयम बनाए रखा और जीत हासिल की।

पूर्व कोच गुरदयाल सिंह भंगू का निधन

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेल 2002 में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच रहे गुरदयाल सिंह भंगू का कनाडा के सरे में निधन हो गया है। वह 86 साल के थे। हॉकी इंडिया ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, "भारतीय हॉकी में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं।" भंगू का नाम भारतीय महिला हॉकी के इतिहास की सबसे यादगार जीतों में से एक के साथ हमेशा के लिए जुड़ा रहेगा। भारत ने उनके मार्गदर्शन में मैनचेस्टर में खेले गए फाइनल में इंग्लैंड को 3-2 से हराकर राष्ट्रमंडल खेलों का खिताब जीता। इस जीत ने देश के खेल जगत पर अमिट छाप छोड़ी। इस रोमांचक मुकाबले का फैसला ममता खरब के अतिरिक्त समय में किए गए गोल ने किया। यह जीत बाद में खेल जगत में एक चर्चित घटना बन गई और 2007 में रिलीज हुई शाहरुख खान अभिनीत फिल्म 'चक दे इंडिया' की कहानी का आधार बनी। लायलपुर (अब पाकिस्तान के फैसलाबाद) में जन्मे भंगू अंबाला में पले-बढ़े और विश्वविद्यालय स्तर पर हॉकी खेली।





विदेशों में दिवाली का जश्न

व्हाइट हाउस में ट्रंप ने जलाया दीया, भारतीय मूल के लोगों ने भेंट की हनुमान चालीसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के अलावा नेपाल, अमेरिका, ब्रिटेन, मलेशिया, सिंगापुर, मॉरीशस, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और त्रिनिदाद एवं टोबैगो सहित 20 से अधिक देशों में बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है। अमेरिका के व्हाइट हाउस में इस साल भी दीवाली का जश्न देखने को मिला।

भारतीय मूल के लोगों ने डोनाल्ड ट्रंप के साथ ओवल ऑफिस में दिवाली मनाई। ओवल ऑफिस में पारंपरिक तरीके से दीये भी जलाए गए। इस खास मौके पर राष्ट्रपति ट्रंप को हनुमान चालीसा गिफ्ट किया गया।


ट्रंप ओवल ऑफिस में दीया जलाते हुए

भारतीय संस्कृति की दिखी झलक

समारोह में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा, मशहूर मिशेलिन स्टार शेफ विकास खन्ना और कनाडा की पूर्व सांसद रूबी ढल्ला समेत भारतीय मूल की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो और सोशल सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन के डिप्टी कमिश्नर अर्जुन मोदी भी मौजूद थे। इस आयोजन ने अमेरिकी राष्ट्रपति भवन में भारतीय संस्कृति और परंपराओं की झलक पेश की।



ट्रंप को दी हनुमान चालीसा

भारतीय टेक उद्यमी विशाल गोंडल ने 'एक्स' लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ दिवाली मनाना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने ट्रंप को हनुमान चालीसा भेंट कीं। गोंडल ने भारत और अमेरिका के बीच दोस्ती और मजबूत होने की प्रार्थना की। उन्होंने लिखा कि उनकी कामना है कि अंधकार पर प्रकाश की जीत हो और दुनिया में शांति, समृद्धि, अच्छी सेहत और लंबी उम्र का आशीर्वाद सभी को मिले।

सिंगापुर में की गई विशेष साज-सज्जा


भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने सिंगापुर की सड़कों की तस्वीरें साझा की थीं, जिन्हें दीपावली के स्वागत में विशेष रूप से सजाया गया था।

टोक्यो में भारतीय व्यंजनों का आनंद लिया

जापान के आंतरिक मामलों और संचार मंत्री हिसायुकी फुजी, न्याय मंत्री ताकाशी यामाशिता और जापान में भारत की राजदूत नगमा मलिक ने टोक्यो में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित दीपावली समारोह का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही भारतीय व्यंजनों की विविधता भी पेश की गई, जिससे जापान में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक झलक



देखने को मिली। जापान स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि दोस्तों के साथ दीपावली का जश्न।

म्यांमार में दीपावली समारोह में राष्ट्रपति यू हुए शामिल


म्यांमार में 'नेशनल थियेटर यांगून' में राष्ट्रीय स्तर पर दीपावली मनाई गई। इसमें हिंदू समुदाय के कई समूहों ने हिस्सा लिया और 1200 से अधिक मेहमान शामिल हुए। राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग का गर्मजोशी से स्वागत किया। उनकी पत्नी, कुछ केंद्रीय मंत्री भी शामिल हुए।

रक्षा मंत्री ने जवानों संग मनाई दीपावली, बोले

युद्ध अब केवल सीमाओं पर नहीं लड़े जा रहे इसमें साइबर और ड्रोन के हमले भी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा बलों से हर समय उच्च स्तर की तैयारी बनाए रखने का आह्वान किया है। उन्होंने उभरते सुरक्षा खतरों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए क्षेत्रीय परिस्थितियों की गहरी समझ, साइबर हमलों से निपटने की क्षमता और सूचना की विश्वसनीयता एवं अखंडता को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। पश्चिम बंगाल के बागडोगरा वायुसेना स्टेशन पर 7 नवंबर, 2026 को दीपावली की पूर्व संध्या पर भारतीय वायु सेना के कर्मियों से बातचीत करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य पहले से कहीं अधिक जटिल हो गया है। युद्ध अब केवल सीमाओं पर होने वाले पारंपरिक संघर्षों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें असममित युद्ध, छद्म युद्ध, साइबर हमले, ड्रोन के झुंड, भ्रामक सूचना प्रवाह और विमर्शों को प्रभावित करने जैसी चुनौतियां भी शामिल हो गई हैं। अक्सर विरोधी सीधे टकराव से बचते हुए कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिश करता है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

- जवानों के आचरण से सेना की छवि दिखती
- जवानों के साहस और समर्पण की सराहना की
- हर समय उच्च स्तर की तैयारी बनाए रखें


जवानों को मिठाई खिलाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

स्थानीय जनता से जुड़ने की अपील की

रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा बलों के जवानों का आचरण, व्यवहार, भाषा और संयम स्थानीय समुदायों के बीच सेना की छवि निर्धारित करते हैं। उन्होंने सैनिकों से विशेष रूप से बागडोगरा और आसपास के क्षेत्रों के स्थानीय लोगों के साथ अपना जुड़ाव मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे आम जनता व रक्षा बलों के बीच विश्वास एवं आत्मीयता का रिश्ता और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि आप स्थानीय समुदाय के साथ जितना अधिक जुड़ेंगे, विरोधियों के षड़यंत्र उतने ही कमजोर होते जाएंगे।

बागडोरा पूर्वोत्तर क्षेत्र का अहम सुरक्षा तंत्र

राजनाथ सिंह ने बागडोगरा को विशेषकर पूर्वोत्तर क्षेत्र के संदर्भ में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र और देश के सुरक्षा तंत्र की एक अहम कड़ी बताया। इस क्षेत्र में तैनात वायु योद्धा पूर्वी इलाकों की सुरक्षा में मजबूत रक्षा कवच की भूमिका निभाते हैं। इस क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए उनकी सतर्कता और परिचालन तैयारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति रक्षा बलों के जवानों के साहस और समर्पण की सराहना की। रक्षा मंत्री ने कहा कि तकनीकी प्रगति के बावजूद अनुशासन और साहस का महत्व हमेशा बना रहेगा।

न्यूजीलैंड में मतदान समाप्त, काउंटिंग शुरू

नेशनल और लेबर के बीच कांटे की टक्कर, छोटे दल हुए अहम्


क्रिस्टोफर लक्सन


क्रिस हिपकिंस

एजेंसी ▶▶ वेलिंगटन

न्यूजीलैंड के आम चुनाव की वोटिंग (7 नवंबर) संपन्न होने के कुछ देर बाद ही काउंटिंग शुरू हो गई। शुरुआती नतीजों में सत्तारूढ़ नेशनल पार्टी को 29.4 फीसदी और मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी को 29.9 फीसदी मत मिले। इस तरह दोनों के बीच मुकाबला बेहद करीबी हो गया है।

लगभग 35 फीसदी काउंटिंग होने के बाद ये स्पष्ट किया गया। शुरुआती रुझानों में नेशनल पार्टी आगे रही, जबकि मतगणना के दौरान लेबर पार्टी ने भी उसे कड़ी चुनौती दी। किसी भी प्रमुख दल को स्पष्ट बहुमत मिलने के संकेत नहीं हैं।





खबर संक्षेप

कीव पर रूस का मिसाइल हमला, 6 लोग घायल

कीव। यूक्रेन, रूस और अमेरिका के बीच संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में होने वाली चौथे दौर की अहम शांति वार्ता से ठीक पहले रूस ने शनिवार तड़के राजधानी कीव पर भीषण मिसाइल हमले को अंजाम दिया है। इन हमलों की चपेट में आने से कम से कम नौ नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।



पराग्वे में उपराष्ट्रपति पेड्रो ने संभाली सत्ता

असुनसियन। दक्षिण अमेरिका के पराग्वे में बड़ा सियासी उलटफेर हुआ है। एक बड़े बैंकिंग संकट के बाद पराग्वे की संसद के उच्च सदन सीनेट ने राष्ट्रपति सैंटियागो पेना को महाभियोग के जरिए पद से हटा दिया गया है। उन्हें नजरबंद रखने का आदेश दिया गया है। उपराष्ट्रपति पेड्रो एलियाना ने नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ले ली है। वह अगस्त 2028 तक राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी संभालेंगे।



सरकारों और अदालत की मंजूरी जरूरी

केंद्र सरकार ने राज्यों के बीच कैदियों के तबादले की दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 'पंजाब पुलिस एंड करेक्शनल सर्विसेज एक्ट, 2006' को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में लागू कर दिया है, जिसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच कैदियों के तबादले और जेल प्रशासन के कामकाज में बदलाव से जुड़े प्रावधान शामिल किए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को



जारी एक अधिसूचना के अनुसार, 'पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966' की धारा 87 के तहत यह अधिसूचना जारी की गई है। इसके जरिए पंजाब के कानून को कुछ संशोधनों के साथ केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में लागू किया गया है। इन संशोधित प्रावधानों में चंडीगढ़ और अन्य राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों के बीच कैदियों के तबादले की व्यवस्था की गई है। इन प्रावधानों के तहत, चंडीगढ़ में सजा काट रहे कैदियों को संबंधित सरकार की सहमति और चंडीगढ़ प्रशासक के आदेश से किसी दूसरे राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की जेल में भेजा जा सकता है।

ईरानी एयरोस्पेस फोर्स ने अपना विशेष स्मृति सप्ताह मनाया

पूर्व सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

दुश्मन के 260 विमान मारने और 7 ड्रोन सुरक्षित कब्जे में लेने का दावा

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान की इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) की एयरोस्पेस फोर्स ने अपना विशेष स्मृति सप्ताह मनाया। तेहरान के सरचेशमेह कल्चरल कॉम्प्लेक्स में आईआरजीसी के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल हुसैन मोहेब्बी ने पुराने क्षेत्रीय युद्धों से जुड़े प्रमुख लोगों और शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि एयरोस्पेस वीक, एयरोस्पेस फोर्स के शहीदों, उसके पूर्व सैनिकों, कमांडरों और उनके सम्मानित परिवारों को श्रद्धांजलि देने का एक कीमती अवसर है।



जमीन के नीचे बड़े पैमाने पर मिसाइल ठिकाने

प्रवक्ता मोहेब्बी ने बताया कि ईरान ने जमीन के नीचे बड़े पैमाने पर मिसाइल ठिकाने बनाए हैं। इन ठिकानों को बनाने में देश की अपनी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही, ईरान की भौगोलिक परिस्थितियों का भी फायदा उठाया गया है। ईरान की वायु रक्षा इकाइयों ने 'दुश्मन' के 260 विमानों को रोका और मार गिराया।

12 देशों के साथ विदेश मंत्री की चर्चा

क्षेत्रीय मुद्दों पर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि उन्होंने 48 घंटों (गुरुवार और शुक्रवार) के भीतर 12 देशों के अपने समकक्षों से संवाद स्थापित किया। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने इसकी जानकारी दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28